Follow us on :
bharatbhaskar.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# भारत भास्कर
हर खबर का असर
डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023
● वर्ष : 15 ● अंक-239 ● रायपुर, गुरुवार 28 सितम्बर 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
भाद्रपद शुक्ल पक्ष
पक्ष- चतुर्दशी

**सुविचार**

कुछ लोग सफल होने के सपने देखते है जबकि कुछ सुबह उठकर उसे पूरा करने में लग जाते है।
-स्वदेश तिवारी



3

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पूर्व वरिष्ठजनों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



5

डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति, बांधा समां



7

सरोना क्षेत्र के 45 युवा एवं भाजपा कार्यकर्ता ने थामा कांग्रेस का दामन- विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने किया स्वागत

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा का एजेण्डा सिर्फ सत्ता का दुरुपयोग करना

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा चुनाव में हेराफेरी कर सत्ता पर कब्जा बनाए रखना चाहती है। भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा का एजेण्डा सिर्फ सत्ता का दुरुपयोग करना है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने षडयंत्र कर समाजवादी पार्टी समर्थकों के वोट कटवाएं। अखिलेश यादव पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान विरोधी है। तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में आठ सौ किसान शहीद हो गए।

### अपना मुनाफा बंद होने पर रो रहा गांधी खानदान : स्मृति

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 9वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया।इसमें अमेठी सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 218 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा।स्मृति ईरानी ने अमेठी के संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस रद्द होने पर किए जा रहे सत्याग्रह पर बयान दिया है।स्मृति ने कहा कि अस्पताल में लापरवाही के कारण एक महिला की मौत हो गई।मैं अचंभित हूं कि गांधी खानदान की ओर से चलाए जा रहे अस्पताल में एक महिला की मौत होती है। ऐसे में उसके परिजनों को सहारा देने और आरोपी पर कार्यवाही की जगह वो अपना मुनाफा बंद होने पर रो रहे हैं। उनकी नजरों में एक महिला की जान की कोई कीमत ही नहीं है।

### हीरा कारोबारी नीरव मोदी का सोलर प्लांट नीलामी के लिए तैयार

**मुंबई।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की प्रॉपर्टी का ऑक्शन करने जा रही है। नीलाम होने वाले असेट्स में एक सोलर प्लांट हैं। यह नीलामी पीएनबी के 2,348 करोड़ रुपये के ड्यू के छोटे से हिस्से को रिकवर करने के लिए की जा रही है। यह आदेश ऋण वसूली न्यायाधिकरण-1 की ओर से जारी किया गया है। महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के कर्जत तालुका के खंडेल गांव में स्थित मोदी के सोलर प्लांट की क्षमता 5.247 एमडब्ल्यू है। प्लांट और मशीनरी को मिलाकर सोलर प्लांट की कीमत 12.40 करोड़ रुपये है।

गुजरात को राजनीति के चश्मे से देखती थी सरकारें

# आज दुनिया वाइब्रेंट गुजरात की सफलता देख रही है-पीएम मोदी

अहमदाबाद। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार (27 सितंबर) को अहमदाबाद के साइंस सिटी में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल के सफर को याद करते हुए तत्कालीन केंद्र सरकार पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया वाइब्रेंट गुजरात की सफलता देख रही है, लेकिन वाइब्रेंट गुजरात का आयोजन ऐसे माहौल में किया गया था, जब तत्कालीन केंद्र सरकार गुजरात के विकास को लेकर बेरुखी दिखाती थी। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, तत्कालीन सरकार के केंद्रीय मंत्रियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने से मना कर दिया और विदेशी निवेशकों को गुजरात में निवेश नहीं करने की धमकी दी। उन्होंने कहा, ...लेकिन फिर भी, निवेशक आए और उनके लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया गया था। निवेशक केवल सुशासन, निष्पक्ष शासन, विकास के समान वितरण और पारदर्शी सरकार के कारण आए। पीएम मोदी ने पूर्ववर्ती केंद्र सरकार पर गुजरात की प्रगति को राजनीति के चश्मे से देखने का आरोप लगाया। पीएम ने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्री मुझसे कहते थे कि वह निश्चित रूप से कार्यक्रम में आएंगे। पता नहीं पीछे से डंडा चलता था, बाद में वो मन कर देते थे। उन्होंने कभी सहयोग नहीं किया, वे बाधाएं पैदा करते थे। पीएम मोदी ने कहा कि 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था। आज वो एक विशाल और वृहद



वाइब्रेंट वटवृक्ष बन गया है। हम गुजरात के पुनर्निर्माण ही नहीं, बल्कि उससे आगे की सोच रहे थे। वाइब्रेंट गुजरात को हमने इसका प्रमुख जरिया बनाया। ये गुजरात का आत्मविश्वास बढ़ाने और दुनिया के साथ आंख से आंख मिलाकर बात करने का माध्यम बन गया। उन्होंने आगे कहा, ये भारत में मौजूद अलग अलग सेक्टर्स की असीमित संभावनाओं को दिखाने का जरिया बना। ये भारत के टैलेंट को देश के अंदर इस्तेमाल करने का माध्यम बना। ये भारत की दिव्यता, भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को विश्व को दिखाने का एक माध्यम बन गया। पीएम ने कहा- 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था आज वह इतना विशाल वट वृक्ष बन गया है। बरसों पहले मैंने कहा था कि वाइब्रेंट गुजरात सिर्फ ब्रांडिंग का आयोजन भर नहीं है बल्कि इससे बढ़ कर बॉन्डिंग का आयोजन है। यह बॉन्ड मेरे और गुजरात के 7 करोड़ नागरिकों और उनके सामर्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है। मोदी ने कहा- 2001 में आए भीषण भूकंप से भी पहले गुजरात लंबे समय तक अकाल की स्थिति से जूझ रहा था। भूकंप से लाखों लोग प्रभावित हुए। इस बीच एक और गोधरा की हृदयविदारक घटना हुई और उसके बाद गुजरात हिंसा की आग में जल उठा। मोदी ने कहा- जो लोग एजेंडा लेकर चलते थे वे उस समय भी घटनाओं का अपने तरीके से आंकलन करने में जुटे हुए थे। कहा गया कि गुजरात से युवा, व्यापारी, उद्योग सब पलायन कर जाएंगे। दुनिया में गुजरात को बदनाम करने की साजिश रची गई। कहा गया गुजरात कभी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगा।

### दुनिया को अपनी ताकत भी दिखा दी

पीएम ने कहा- उस समय भी हम गुजरात के पुननिर्माण ही नहीं, उससे भी आगे की सोच रहे थे। हमने गुजरात की क्षमता को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने संकल्प लिया और दुनिया को अपनी ताकत भी दिखा दी। आज वाइब्रेंट समिट के 20 साल की सफलता दुनिया देख रही है। यह वह बॉन्ड है, जो उनके असीम स्नेह पर आधारित है। उस समय केंद्र सरकार चलाने वाले गुजरात समिट में रोड़े अटकाने में लगे रहते थे। व्यक्तिगत रूप से तो मुझसे समिट में आने का कहते थे, लेकिन किसी न किसी बहाने से समिट में नहीं आते थे। न जाने, पीछे से उन पर कौन सा डंडा चलता था। विदेशी इनवेस्टर्स को धमकाया जाता था कि गुजरात मत जाओ। इतना डराने के बाद भी विदेशी इनवेस्टर्स गुजरात आए।

कौशल विकास घोटाला मामले में

# चंद्रबाबू नायडू केस से अलग हुए एससी के जज एसवीएन भट्टी....

नई दिल्ली/ एजेंसी

आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज एसवीएन भट्टी ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट के जज एसवीएन भट्टी ने खुद को अलग कर लिया है। बता दें कि आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट



में एक याचिका दायर की है। हालांकि, एससी के जज एसवीएन भट्टी ने खुद को सुनवाई से अलग करने का फैसला किया है।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू की तो एसवीएन भट्टी ने मामले से खुद को अलग करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में सुनवाई के लिए किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दे रहे हैं। हालांकि, चंद्रबाबू नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने पीठ से मांग करते हुए कहा कि इस मामले में तत्काल सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिका का सूचीबद्ध करने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा नायडू का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कहा कि यदि पीठ मामले की सुनवाई नहीं कर रही है तो उसे पारित करने से मदद नहीं मिलेगी



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में भारतीय टेलीविजन धारावाहिक रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल से मुलाकात की।

खरगे ने मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की

# मणिपुर को युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है-मल्लिकार्जुन खड़गे......

नई दिल्ली/एजेंसी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मणिपुर में हुई हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया। उन्होंने पीएम मोदी से मांग की कि वह पहले मणिपुर हिंसा को नियंत्रित करने के लिए विफल बीजेपी के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को हथियार बनाया गया है। उन्होंने बीजेपी पर मणिपुर को युद्ध के मैदान में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर कहा, 147 दिनों से मणिपुर के लोग



पीड़ित हैं, लेकिन पीएम मोदी के पास राज्य का दौरा करने का समय नहीं है। इस हिंसा में छात्रों को निशाना बनाए जाने की भयावह तस्वीरों ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने आगे कहा, अब यह स्पष्ट है कि इस हिंसा में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को हथियार बनाया गया था। खूबसूरत राज्य मणिपुर को युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है, यह सब बीजेपी के कारण है। अब समय आ गया है, पीएम मोदी बीजेपी के नाकाम मणिपुर मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें। आगे की किसी भी उथल-पुथल को नियंत्रित करने के लिए यह पहला कदम होगा। दरअसल, 6 जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या का विरोध कर रहे छात्र और स्थानीय लोगों से आरएएफ जवानों की मंगलवार रात झड़प हो गई। इसके बाद आरएएफ ने प्रदर्शनकारियों के ऊपर आंसू गैस के गोले, रबर की गोलियां और लाठीचार्ज किया।

### अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को, राम नवमी पर मूर्ति पर पड़ेंगी सूर्य किरणें

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर के पहले चरण का कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाने का भरोसा जताते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा अगले वर्ष 22 जनवरी को होगी और 20 से 24 जनवरी के बीच किसी भी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे जुड़े समारोह में सम्मिलित होंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रधान सचिव रहे मिश्रा ने राम मंदिर के निर्माण और इस दौरान आई चुनौतियों के साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तथा इसकी तैयारियों को लेकर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने खुलासा किया कि मंदिर में हर वर्ष रामनवमी के दिन दोपहर बारह बजे सूर्य की किरणें श्रीराम की मूर्ति पर पड़ें, ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंची केजरीवाल सरकार

# अफसर सरकार...के आदेश का पालन नहीं कर रहे-केजरीवाल

नई दिल्ली। एजेंसी

आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली सरकार ने शीर्ष कोर्ट से अपील करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के एनसीटीडी संशोधन अधिनियम, 2023 पर जल्द से जल्द सुनवाई की जाए। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अफसर सरकार के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और केंद्र सरकार से चार हफ्ते में मामले का संकलन तैयार करने को कहा। चीफ जस्टिस न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी



पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ से दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने आग्रह किया कि मामले को तत्काल सुनवाई के लिए पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। सिंघवी ने कहा,मैं दिल्ली सरकार की पीड़ा को व्यक्त नहीं कर सकता। संविधान पीठ के पुराने मामले हैं। हम सूचीबद्ध कर रहे हैं और दो सो सात-जजों की पीठ के मामले भी आ रहे हैं। ये सभी भी महत्वपूर्ण हैं और वर्षों से लंबित हैं। सीजेआई ने कहा, इसे कुछ समय बाद सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, पीठ ने सिंघवी और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल संजय जैन को एक साथ बैठकर इस विवाद में संविधान पीठ द्वारा तय किए जाने वाले कानूनी प्रश्नों पर निर्णय लेने के लिए कहा। केंद्र के नए एनसीटीडी (संशोधन) कानून, 2023 संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है और राष्ट्रपति से भी इसकी मंजूरी मिल गई है।

साथ नजर आए कुमारस्वामी और येदियुरप्पा

# किसानों की रक्षा करने में सिद्दरमैया सरकार विफल

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) नेता एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को बेंगलुरु में कावेरी जल मुद्दे को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कुमारस्वामी और भाजपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा एकसाथ नजर आए। बता दें कि भाजपा ने कावेरी जल मुद्दे को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कुमारस्वामी भी शामिल हुए। दरअसल, जेडीएस के राजग में शामिल होने के बाद यह पहला मौका था जब कुमारस्वामी ने येदियुरप्पा के साथ गिले-शिकवे मिटाकर मंच साझा किया। आगामी



लोकसभा चुनाव को लेकर जेडीएस ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। हाल ही में कुमारस्वामी ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के साथ ही जेडीएस की राजग में औपचारिक एंट्री हो गई थी।

बीजेपी-कांग्रेस के बीच छिड़ा वीडियो वॉर

# भूपेश ने जारी किया मोदी-अडानी का वीडियो.....लिखा वाह क्या गाया है,जवाब में भाजपा का ईडी-ईडी सॉन्ग

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के एनिमेटेड किरदार को एक-दूसरे के साथ डांस करते दिखाया है। जवाब में बीजेपी ने भी ईडी-ईडी सॉन्ग जारी किया है। कांग्रेस की तरफसे जारी वीडियो में बैकग्राउंड में एक गाना बजाया गया है। हमें तो लूट लिया..सॉन्ग पर मशहूर कव्वाली की पैरोडी तैयार की है। वतन को लूट लिया मिलकर बीजेपी और अडानी वालों ने... काले दिल वालों ने खोटी नियत वालों ने...इस पर भूपेश बघेल ने लिखा है कि वाह क्या गाया है। 2 मिनट 16 सेकंड के वीडियो में नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के कैरेक्टर को गाते दिखाया गया है। उनके सामने राहुल गांधी और मल्लिका अर्जुन खड़गे के कैरेक्टर तंज कसते दिख रहे हैं। बॉलीवुड सॉन्ग इलू-इलू की तर्ज पर ईडी-ईडी नाम का एक गाना रिलीज किया गया है। वीडियो में शराब घोटाला, खनिज घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए तमाम चेहरे दिखाई दे रहे हैं। ईडी के अफसर बने कलाकार उन्हें दौड़ा






रहे हैं। कांग्रेसी बने एक्टर छिपे फिरते दिख रहे हैं। जवाब में बीजेपी की तरफसे जारी वीडियो में फिल्म 3 इडियट के मशहूर इंटरव्यू वाले सीन का इस्तेमाल किया गया है। असल सीन की वॉइस हटाकर छत्तीसगढ़ के एक गरीब युवा की कहानी दिखाई गई है जो पीएससी का इंटरव्यू देने पहुंचा है। बताया गया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेता और अधिकारियों के बच्चे ही अधिकारी बन सकते हैं गरीबों के बच्चे नहीं। कांग्रेस की ओर से जारी एक और वीडियो में मोदी और राहुल को फिल्म दीवार के मशहूर सीन को एनिमेशन के साथ दिखाया गया है। जो बातें फिल्म में अमिताभ बच्चन और एक्टर शशि कपूर के बीच हुईं। वो सियासी अंदाज में राहुल गांधी और मोदी के कार्टून में होती दिख रही हैं। मोदी कहते हैं मेरे पास ईडी है, सीबीआई है, क्या है तुम्हारे पास... राहुल कहते हैं देश की जनता का प्यार। एक दूसरे पर आरोप लगाना, प्रेस कॉन्फ्रेंस लेना, भाषण देना, बयान देना यह सब तो सियासी दल कर रहे हैं। इस बार क्रिएटिव अंदाज में बीजेपी और कांग्रेस ने एनिमेटर और फिल्मेकर्स को काम दिया है। स्थानीय स्तर पर काम करने वाले कलाकारों को भी मौका दिया गया है। जानकारों का मानना है कि छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ से अधिक सोशल मीडिया यूजर हैं। हालांकि इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। इतने बड़े वर्ग के बीच अपनी बात रोचक अंदाज में पहुंचने का मौका दोनों ही राजनीतिक दल नहीं छोड़ना चाहते।

# दुनिया की रहस्यमयी जगहें, कहीं जाने पर है रोक, तो कहीं रात में आती हैं आवाजें

**दुनिया में कई रहस्यमयी और अनोखी जगहे हैं। इन जगहों के बारे में जानकर यकीन करना मुश्किल होता है। वैज्ञानिक भी कई रहस्यों से आज तक पर्दा नहीं उठा पाए हैं। कई रहस्यमयी जगहों पर जाने पर रोक है। इन जगहों में कई एलियंस, भूतों और दूसरी वजहों से रहस्यमयी हैं। आज हम आपको कुछ रहस्यमयी जगहों के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में जानकर आपको यकीन नहीं होगा।**

## उलुरु, ऑस्ट्रेलिया



उलुरु (एयर्स रॉक) ऑस्ट्रेलिया आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। बलुआ पत्थर की एक चट्टान है, जो कछुए के ऊपरी खोल की तरह नजर आती है। बताया जाता है कि यहां पर आदिवासी रहते हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस पहाड़ी का दिन में कई बार रंग बदलता रहता है। दुनिया की इकलौती पहाड़ी है, जिसका का रंग बदलता रहता है। माना जाता है कि यह पहाड़ी 50 हजार साल पुरानी है। ऐसा क्यों होता है, इस रहस्य से आज तक पर्दा नहीं उठ पाया है।

## कलावंती दुर्ग, महाराष्ट्र





कलावंती दुर्ग को रहस्यमयी माना जाता है। प्रदेश के माथेरान और पनवेल के बीच यह दुर्ग स्थित है, जो बेहद डरावना है। इस दुर्ग की कई कहानियां हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस किले में नकारात्मकता का वास है, जिससे लोग यहां पर खींचे चले जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं। सबसे डरावनी बात यह है कि इस खंडहर में आधी रात के बाद चीखने की आवाजें सुनाई देती हैं।

## भानगढ़ किला, राजस्थान




राजस्थान के अलवर जिले में भानगढ़ किला स्थित है, जिसे भारत की सबसे डरावनी जगह माना जाता है। बताया जाता है कि यह किला शापित है। शाम होने के बाद इस किले के अंदर लोगों के जाने पर रोक है। सरकार का निर्देश है कि इस किले में या इसके आसपास शाम छह बजे के बाद कोई व्यक्ति नहीं जाएगा। बताया जाता है कि भानगढ़ में एक तांत्रिक रहता था, जो यहां की राजकुमारी रत्नावती से शादी करना चाहता था। तांत्रिक ने राजकुमारी को अपने वस में करने के लिए एक बार उनकी दासी को अभिमंत्रित तेल दिया था। यह तेल की शीशी दासी से हाथ से एक शिला पर गिर गई। इसके बाद शिला तांत्रिक की तरफ खींचती चली गई जिसमें वह दब गया और उसकी मौत हो गई। तांत्रिक ने मौत से पहले वहां के रहने वाले लोगों को श्राप दे दिया था। बताया जाता है कि तांत्रिक की मौत के बाद राजकुमारी समेत सभी लोगों की मौत हो गई। यहां इन्हीं लोगों की आत्माएं अभी भी भटकती हैं।

## रहस्यमयी शहर धनुषकोटि

भगवान राम ने रावण का वध करने और लंका पर विजय के बाद राज्य को विभीषण को सौंप दिया था। रावण के छोट भाई और लंका पर राज कर रहे विभीषण ने भगवान राम से निवेदन किया कि लंका तक आने वाले रामसेतु को तोड़ दीजिए। इसके बाद भगवान राम ने अपनी धनुष के एक छोर से सेतु को तोड़ दिया। इसके बाद से यह स्थान धनुषकोटि के नाम से प्रसिद्ध हो गया। यह रहस्यमयी शहर तमिलनाडु के पूर्वी तट पर स्थित है। भगवान राम का धनुषकोटि से गहरा नाता है, तो वहीं यहां पर प्रेत आत्माओं के महसूस किए जाने का दावा किया जाता है। इसके पीछे की वजह साल 1964 में यहां पर आए भीषण चक्रवात को माना जाता है। तूफान के बाद यहां पर आने वाले लोगों ने महसूस किया कि यहां पर कुछ असामान्य है। लोगों के इन अनुभवों के बाद तमिलनाडु सरकार ने इस छोटे शहर को भूतिया शहर की सूची में डाल दिया और इसे रहने के लिए अयोग्य करार दे दिया। सरकार ने चेतावनी भी दी कि यहां पर दिन ढलने के बाद कोई नहीं जाए।





# भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन जहां से नहीं गुजरती है एक भी ट्रेन

**एक जगह से दूसरी जगह जाना हो और दूरी ज़्यादा हो तो आप लोग ट्रेन या हवाई जहाज़ का रास्ता चुनते हैं. मगर ज़्यादातर लोग ट्रेन का क्योंकि ट्रेन हर किसी के बजट में फ़िट बैठती है. इस लिहाज़ से तो अभी तक आप सब न जाने कितने रेलवे स्टेशन घूम चुके होंगे. ट्रेन से यात्रा के दौरान कभी दिमाग में आया कि आखिर कहीं कोई रेलवे स्टेशन होगा, जिसे आखिरी कहा जा सके, जैसे दुनिया का भी आखिरी छोर है तो क्या रेलवे स्टेशन भी आखिरी होगा.**

आपके मन का सवाल जायज़ है और भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन भी है, जिसमें से एक तो बिहार के अररिया ज़िले में एक जगह है जोगबनी, जिसे भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन माना जाता है. यहां से नेपाल पैदल जाया जा सकता है. इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में स्थित सिंहाबाद रेलवे स्टेशन को भी भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन माना जाता है. यहां पर हर चीज अंग्रेजों के जमाने की है.

भारत का ये आखिरी रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के मालदा ज़िले के हबीबपुर इलाक़े में स्थित है. इस स्टेशन को अंग्रेज़ों ने जैसा छोड़ा था ये आज भी वैसा ही है, इसमें कोई बदलाव नहीं किए गए हैं. ये बारत का आखिरी सीमांत स्टेशन है, जो बांग्लादेश की सीमा के काफी पास है. बांग्लादेश के पास होने के चलते यहां से पैदल भी जाया जा सकता है.

भारत का बंटवारा होने के बाद इस स्टेशन के मेंटीनेंस का सारा काम जस का तस रोक दिया गया था. इसलिए यहां से कोई गाड़ी भी नहीं गुजरती थी, लेकिन 1978 में जब मालगाड़ियां चलना शुरू हुई तो दोबारा से ट्रेन और हार्न की आवाज़ें आने लगीं. ये गाड़ियां पहले बांग्लादेश तक ही जाती थीं, लेकिन 2011 में पड़ोसी देश नेपाल तक भी जाने लगी. भले ही यहां से गाड़ियों का आवागमन शुरू हुआ हो, लेकिन इस स्टेशन के रूप-रंग में कोई सुधार नहीं हुआ है. ये आज भी वैसा ही है जैसा ब्रिटिशों के जमाने में था. यहां से मालगाड़ी के अलावा दो मैत्री एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेनें भी गुजरती हैं.

इस स्टेशन का इस्तेमाल कोलकाता और ढाका के बीच ट्रेन कनेक्टिविटी के लिए किया जाता था. हालांकि, ये स्टेशन आज़ादी से पहले का है, इसलिए ढाका जाने के लिए महात्मा गांधी और सुभाष चंद बोस ने भी कई बार इस रास्ते का इस्तेमाल किया था. कभी यहां से दार्जिलिंग मेल जैसी ट्रेनें भी गुजरती थीं, लेकिन अब यहां से सिर्फ मालगाड़ियां ही गुज़रती हैं. बता दें, इस स्टेशन पर आज भी पुराने ज़माने के हाथ के गियर वाले सिग्नल का इस्तेमाल होता है. साथ ही, यहां पर कोई ज़्यादा रेलवे कर्मचारी नहीं रखे जाते हैं. इतना ही नहीं, टिकट काउंटर तक बंद हो चुका है. ज़्यादा कर्मचारी इसलिए नहीं है क्योंकि जब मालगाड़ी आती है बस तभी सिग्नल देना होता है, जो रोहनपुर के रास्ते से बांग्लादेश जाती है.

## गांधी और बोस भी यहां से गुजर चुके हैं

यह स्टेशन आजादी के भी काफी पहले का है तो उस समय ये स्टेशन कोलकाता से ढाका तक जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इस रूट से कई बार महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस ढाका जा चुके हैं। काफी समय पहले यहां से दार्जिलिंग मेल जैसी ट्रेनें भी गुजरा करती थीं, लेकिन अब सिर्फ यहां से मालगाडियां ही गुजरती हैं।

## आज भी नहीं बदला ये स्टेशन

इस रेलवे स्टेशन की सबसे खास बात यह है कि आज भी यहां कुछ नहीं बदला है, यहां सबकुछ वैसे का वैसा है, जैसा कभी अंग्रेज छोड़कर इसे गए थे। चाहे वो यहां की सिग्रल हो या संचार या फिर कोई और उपकरण। भारत का ये एक ऐसा रेलवे स्टेशन है, जहां अब भी कार्डबोड के टिकट रखे हुए हैं, जो शायद ही अब आपको कहीं देखने को मिले। इतना ही नहीं, ट्रेन को सिग्नल देने के लिए आज भी हाथ के गियरों का इस्तेमाल किया जाता है। सबसे ज्यादा खास बात है यहां का टेलीफोन, जो बाबा आदम के जमाने का है, जैसा कि आप पुरानी फिल्मों में देखते आए हैं।




## इस स्टेशन से सिर्फ दो ही पैसेंजर ट्रेन गुजरती हैं लेकिन रुकती नहीं

इस स्टेशन पर अब कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं रुकती, जिसके चलते यहां का टिकट काउंटर बंद कर दिया गया है। लेकिन यहां केवल वही मालगाड़ी ही रूकती हैं, जिन्हें रोहनपुर के रास्ते बांग्लादेश जाना होता है। यहां रूककर ये गाडियां सिग्नल का इंतजार करती हैं। इस छोटे से स्टेशन सिर्फ दो ट्रेनें- मैत्री एक्सप्रेस और मैत्री एक्सप्रेस-1, गुजरती है। इसमें से मैत्री एक्सप्रेस साल 2008 में शुरू की गई थी, जो कोलकाता से ढाका के लिए चलती है और 375 किमी. का सफर तय करती है। वहीं, दूसरी ट्रेन मैत्री एक्सप्रेस-1 कोलकाता से बांग्लादेश के एक शहर खुलना तक जाती है। अगर यहां के लोगों की बात की जाए तो ये आज भी इस इंतजार में बैठे है कि कभी तो वो समय आएगा, जब उस स्टेशन पर ट्रेन रुकेगी और उन्हें इन ट्रेनों में चढ़ने का मौका मिलेगा।

# पुर्तगाल में है समुद्र की लहरों से भरने वाला नैसर्गिक पूल

पुर्तगाल के शहर पोतों में पाल्मेरिया समुद्री तट पर बना यह स्विमिंग पूल दुनिया के अन्य पूल से अनोखा और बिल्कुल भिन्न है। समुद्र में आने वाले टाइड के बाद यह पूल भर जाता है और फिर लोग इसका लुत्फ उठाते हैं। पुर्तगाल के वास्तुविद अल्यारो सिजा ने 1959 से 1973 के बीच यह पूल तैयार किया था। दरअसल तस्वीर में दो पूल दिख रहे हैं, बड़ा पूल वयस्कों के लिए है, तो एक छोटा पूल बच्चों के लिए भी है। यह पूल पुर्तगाल के नेशनल लैंडमार्क के रूप भी देखे जाते हैं।





# चीन का वो गांव, जहां हर एक शख्स है करोड़ों की संपत्ति का मालिक

जब हम किसी गांव की बात करते हैं, तो दिमाग़ में सबसे पहले खपड़ैल के बने कच्चे घर, कच्ची सड़कें, कच्चे मकान, चारों तरफ़ गाय और गोबर, तालाब, खेत, किसान और खेतों में खेलते बच्चे आते हैं. मगर चीन में एक ऐसा गांव है, जहां गांव जैसा कुछ नहीं है. इस गांव ने शहरों को पीछे छोड़ दिया है. यहां लोग लाखों कमाते हैं और इस गांव को दुनिया के सबसे अमीर गांव में शुमार किया जाता है. ये गांव चीन के जिआंगसू राज्य में स्थित वाक्शी गांव है, जिसे चीन का सबसे अमीर गांव माना जाता है. यहां के स्थानीय लोगों की लाइफ़स्टाइल शहरों में रहने वाले बड़े-बड़े रईसों के जैसी है या कहें कि उनसे भी ज्यादा बेहतर है.

## लग्ज़री सुविधाओं से भरपूर

चीन के इस अमीर गांव की सुविधाएं देखकर आप शहरों को भूल जाएंगे. इस गांव में 72 मंज़िला स्काईस्कैपर, हेलीकॉप्टर टेक्सिस, थीम पार्क और लग्ज़री विला हैं. इसके चलते इसे सुपर विलेज भी कहते हैं.

## हर शख्स के बैंक में 1 करोड़ से ज़्यादा जमा है

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गांव में 2,000 रजिस्टर्ड निवासी रहते हैं, जिनमें हर एक के पास 1 करोड़ 10 लाख रुपये से ज़्यादा है. यहां पर हर शख्स विला में रहता है, जो एक से ही बने हैं और लग्ज़री कारों से चलते हैं.

## स्थानीय सचिव वू रेनाबो की मेहनत है

कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय सचिव वू रेनाबो ने इस गांव को यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की है. यहां पर स्टील और शिपिंग बड़ी कंपनियां हैं. तो वहीं, सड़कें लोगों को आकर्षित करती हैं. पहले ये गांव इतना अमीर नहीं था, लेकिन सचिव जी की लगन ने इसे इस मकाम पर पहुंचा दिया है.

## कृषि प्रधान गांव है

ये गांव एक कृषि प्रधान गांव है, जिसे किसानों के एक प्रतिभाशाली आइडिया ने दुनिया के अमीर गांवों में शामिल कर दिया है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये गांव 60 के दशक में बसा था और तभी से सभी लोग सामूहिक खेती करने लगे थे. 21वीं सदी की शुरुआत तक यहां 100 से अधिक कंपनियां हो गई, जिनमें लोहा, इस्पात और तंबाकू कंपनियां शामिल हैं.



# गुजरात के वो 3 गांव जहां दूल्हा अपनी ही शादी में नहीं जाता, बहुत ही अनोखी है ये परंपरा

भारत के घरों में अगर लड़के की शादी है तो दूल्हे से ज़्यादा तो उसके घरवाले उत्सुक होते हैं. दूल्हे की बारात लेकर जाने का मतलब है कि वो कही के तुर्रमख़ान हैं और लड़की वालों को उनके कहे अनुसार ही चलना पड़ेगा. घरवाले बारात के लिए गाजे-बाजे, कपड़े, घोड़ी, गाड़ी और न जाने क्या-क्या तैयारियां करते हैं इतना ही नहीं हर चीज़ बेस्ट से बेस्ट होनी चाहिए फिर बड़े ही शान-ओ-शौक़त से दूल्हा अपनी दुल्हन को ब्याहने निकलता है. बारात में डांस होता है मस्ती होती है. मगर गुजरात के कुछ गांव में इसके बिल्कुल विपरीत होता है यहां दूल्हा अपनी ही शादी में नहीं जाता है.

अब आप सोच रहे होंगे अगर दूल्हा नहीं जाता है तो शादी कैसे होती है? और इतना अजीबो-ग़रीब रीति-रिवाज़ आख़िर मनाया ही क्यों जाता है?

ऐसा गुजरात के 3 आदिवासी गांवों में होता है रिपोर्ट्स के अनुसार सुरखेड़ा, सानदा और अंबल गांवों के ग्राम देवता कुंवारे हैं. इसलिए दूल्हा अपनी शादी में न जाकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करता है. कहते हैं कि, जो दूल्हे अपनी बारात में नहीं जाते वो सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत करते हैं. दूल्हे की जगह अपनी भाभी को लेने दूल्हे की बहन जाती है और उसे सिंदूर भरकर लेकर आती है दूल्हा घर पर ही शेरवानी-साफा पहनकर अपनी मां के साथ दुल्हन का घर पर ही इंतज़ार करता है. अगर दूल्हे की बहन नहीं होती है तो परिवार की कोई भी कुंवारी लड़की इस रीति-रिवाज़ को पूरा करती है. सिंदूर भरने के अलावा, शादी के पवित्र फेरों के भी बहन के द्वारा ही पूरा किया जाता है. स्थानीय लोगों का मानना है कि, जब-जब इस परंपरा को नहीं निभाया गया है तब-तब गांव और लोगों के साथ बुरा ही हुआ है जैसे, शादी का टूटना या फिर वैवाहिक जीवन में खुशियां न होना. आपको बता दें, रीति-रिवाज़ों का मनाना ज़रूरी है और हर किसी का अपना मत है कि किसी को लगता है कि रीति-रिवाज़ निभाना बुरा होता है किसी के लिए रीति-रिवाज़ कुछ भी नहीं है.

## सार-समाचार

### सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु प्राक्चयन परीक्षा 1 अक्टूबर को

**बिलासपुर :-** 27 सितम्बर 2023 को राजीव युवा उत्थान योजना के तहत सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों के चयन हेतु प्राक्चयन परीक्षा 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक रायपुर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई है। परीक्षा की तिथि, समय, रोल नंबर तथा प्रवेश-पत्र से उक्त जानकारी का अवलोकन बिलासपुर जिले के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in पर किया जा सकता है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर ने बताया कि परीक्षा हेतु पात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभागीय वेबसाईट www.trib-al.cg.gov.in ìæ httpsÑ//hmstrib-al.cg.nic से परीक्षा केंद्र, रोल नंबर की जानकारी के साथ फोटो युक्त प्रवेश-पत्र डाऊनलोड कर निर्धारित परीक्षा केंद्र में ले जाना होगा। प्रश्न पत्र संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन एवं द्वितीय प्रश्न पत्र एप्टिट्यूड टेस्ट सीसेट हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम से सम्मिलित कर एक प्रश्न पत्र प्राक्चयन परीक्षा में प्रदान किया जाएगा।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं ड्रेसर के पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति 28 तक

**बिलासपुर :-** 27 सितम्बर 2023 को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरूष) एवं ड्रेसर ग्रेड 1 के रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्रारंभिक पात्र एवं अपात्र सूची में प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण की जानकारी एवं अनंतिम वरीयता सूची जिले के वेबसाईट https://bilaspur.gov.in/ एवं www.cghealth.nic.in पर अपलोड एवं सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। अंनतिम वरीयता सूची में दावा आपत्ति 28 सितम्बर को शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के ईमेल आईडी ड्रेसर पद हेतु dressercmhobilaspur@gmail.com एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पद हेतु mpw-cmhobilaspur@gmail.com के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। डाक द्वारा या अन्य किसी माध्यम से तथा निर्धारित तिथि समय सीमा पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### कौशल प्रशिक्षण कार्य के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों हेतु वॉक इन इंटरव्यू 6 को

**बिलासपुर:-** 27 सितम्बर 2023 को जिले में नल जल मिश्र कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जल वितरण संचालक, कारपेन्टर, लोहार, सोनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, धोबी, टोकरी, चटाई, झाडू, खिलौने बनाने वाले, नाई एवं दर्जी कोर्स में कौशल प्रशिक्षण कार्य हेतु अनुभवी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। जिसके लिए वॉक इन इंटरव्यू 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, बिल्हा मोड़ के पास, रायपुर रोड़ निपनिया (बिल्हा) में रखा गया है। इच्छुक अभ्यर्थी वांछित योग्यता एवं अनुभव के अनुसार वांछित जानकारी निर्धारित प्रारूप में तैयार कर अपने बायोडाटा तथा अन्य दस्तावेजों के साथ 6 अक्टूबर को 10 बजे से 12 बजे तक पंजीयन करा सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी कोर्स से संबंधित वांछित योग्यता एवं अनुभव की जानकारी www.bilaspur.gov.in में प्राप्त कर सकते है।

### चिर्रा एवं कुदमुरा में खुलेंगे नवीन धान उपार्जन केंद्र

**कोरबा।** शासन द्वारा ग्रामीणों-कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफविपणन वर्ष 2023-24 एवं आगामी खरीफ विपणन वर्षो के लिए निम्नानुसार स्थान में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने की अनुमति प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत कोरबा जिले के अनुसूचित क्षेत्र ग्राम चिर्रा में एवं ग्राम कुदमुरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र संचालित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने हेतु विभिन्न आवश्यक कार्यवाही किया जाना है। जिन स्थानों पर मंडल/उपमंडी प्रांगण उपलब्ध है उनका उपयोग धान खरीदी हेतु किया जाए। धान खरीदी हेतु ऐसे स्थान चयन किया जाए, जहां पर्याप्त समतल एवं ऊंची भूमि उपलब्ध हो। नीची अथवा गड्ढे वाले भूमि का चयन न किया जाए। उपार्जन केन्द्रों के लिए डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य स्टॉक की व्यवस्था समितियों द्वारा की जायेगी। नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने हेतु कम्प्युटर सेट्स दो प्रिंटर, यू.पी.एस. 2 केव्हीए जनरेटर की व्यवस्था विपण संघ द्वारा की जाए। इसके अतिरिक्त यदि नवीन उपार्जन केन्द्र खोलने में व्यय आता है तो विपणन संघ द्वारा राशि अग्रिम में प्रदाय की जाये, जिसे बाद में समिति को प्राप्त कमीशन की राशि से समायोजित की जाए। नमी मापने हेतु आर्द्रतामापी यंत्र, पॉलीथीन कव्हर, डनेज मटेरियल की व्यवस्था समिति के द्वारा की जायेगी। खरीदी केन्द्र में धान विक्री हेतु निकटस्थ ग्रामों का निर्धारण कलेक्टर के द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त नवीन उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर लिया जाए।

# ईद मिलादुन्नबी व गणेश विसर्जन को लेकर करंजी पुलिस ने किया शांति समिति बैठक का आयोजन

नन्दू यादव



**सूरजपुर भारत भास्कर** जिले के पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देशानुसार ईद-ए-मिलाद पर्व, गणेश विसर्जन व दतिमा जम्बूरी ग्राउंड में आयोजित होने वाली कर्मा मेला के विषय पर शांतिपूर्ण माहौल और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाए जाने के संबंध में करंजी चौकी प्रांगण में चौकी प्रभारी करंजी प्रदीप कुमार सिदार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न धर्म के प्रतिनिधियों और संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। सभी ने ईद ए मिलाद पर्व व गणेश विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का आश्वासन दिया। चौकी प्रभारी प्रदीप सिदार ने सभी से अपील की है कि हमेशा ही भाईचारे की मिसाल रहा है। इस तहजीब और परंपरा को बनाए रखें। उन्होंने समिति के सदस्यों और युवाओं को शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने अपील की है। त्योहारों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस शांति समिति बैठक में प्रधान आरक्षक हरविंदर सिंह, जयप्रकाश कुजूर, जवाहरलाल सिंह आरक्षक जितेंद्र सिंह, मितेश मिश्रा, दीपक किस्पोट्टा सहित मोहिबुल हसन, मुस्ताक अली, जहांगीर हसन, इसराइल खान, बाबी सिंह, दीपक जायसवाल, राजेश राजवाड़े सहित क्षेत्र के सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पूर्व वरिष्ठजनों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

### लूडो, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ में वरिष्ठजनों ने लिया भाग



**बिलासपुर :-** 27 सितम्बर को 2023 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पूर्व आज तिलकनगर के अनुभव भवन में वरिष्ठजनों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। गोला फेंक, मटकी फोड़, थ्रो बाल, लूडो, कुर्सी दौड़, सांप सीढ़ी और जंपिंग बाल जैसे खेलों में पुरूष एवं महिला वर्ग के वरिष्ठजनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में धनू यादव, डीपी गुप्ता, एलआर गुप्ता, किशोर भुरंगी, अरविंद दिवाकर, श्यामलाल शर्मा, जीपी देवांगन, रामनारायण राव, श्रीमती सत्यभामा अवस्थी, श्रीमती विद्या गोवर्धन, श्रीमती प्रेमलता राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में श्री प्रशांत द्विवेदी एवं संजय खुराना उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने संयुक्त संचालक श्रीमती श्रद्धा एस मैथ्यू, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत मोकासे, अध्यक्ष ज्येष्ठ नागरिक संघ श्रीमती विद्या गोवर्धन, श्रीमती सत्यभामा अवस्थी, श्री जमील खान, राजेश सिंह, बसंत श्रीवास एवं रामेश्वर रजक उपस्थित थे।

# बिश्रामपुर में हुआ शत-प्रतिशत मतदान जागरूकता कार्यक्रम

नन्दू यादव




**सूरजपुर भारत भास्कर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए कोयलांचल क्षेत्र बिश्रामपुर में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन, स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की उपस्थिति में कॉर्मेल कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल बिश्रामपुर में आयोजित किया गया। जिसमें कॉर्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाला गया। हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्ती, बैनर, पोस्टर लिए नारा लगाते हुए प्राथमिक शाला केशवनगर के प्रांगण से प्रारंभ कर केशवनगर सतपता चौक होते हुए कार्मेल कॉन्वेंट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रांगण में एकत्रित हुए, जहां पर छात्र-छात्राओं द्वारा ई.व्ही.एम एवं व्ही.व्ही. पैट, स्वीप सूरजपुर आदि आकृतियां भी प्रदर्शित की गई तथा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने संबोधित करते हुए प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार एवं शत-प्रतिशत मतदान का बहुत ही महत्व है। हम सबको मिलकर समस्त नगरवासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा। इस संबंध में सभी छात्रों को संकल्प दिलाया गया कि आप अपने आसपास के 10-10 मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे, साथ ही मतदाता जागरूकता हेतु शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्य सिस्टर मार्लिन, हिन्दी माध्यम की प्राचार्य सिस्टर जया ग्रेस, प्रभारी प्राचार्य सिस्टर थेरिस,

# दुरूस्त क्षेत्र नवगई में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

नन्दू यादव



**सूरजपुर भारत भास्कर** जिले के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह के मार्गदर्शन तथा डॉक्टर बंटी बैरागी बीएमओ के नेतृत्व में सुदूरवर्ती क्षेत्र पंडों जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम नवगई में स्वास्थ्य शिविर सह उपचार निदान शिविर आयोजित किया गया। विकासखंड ओड़गी के सेक्टर बिहारपुर के सुदूरवर्ती क्षेत्र पंडों जनजाति बाहुल्य क्षेत्र नवगई में हुआ। जिसमें मौसमी बीमारियों संक्रामक रोगों के प्रकोपों के संदेहास्पद हितग्राहियों का जाँच किये गए, साथ ही आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। क्षेत्र में मौसमी बीमारियों सर्दी, खांसी, बुखार के लोगों का जाँच व उपचार किया गया, किसी तरह से कोई संदेहास्पद मरीज इत्यादि के मरीज नहीं पाए गए। स्वास्थ्य विभाग बिहारपुर की पूरी टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर आयोजन करते हुए, ग्रामीण जनों को क्लोरीन टैबलेट, ब्लीचिंग पाउडर, ओआरएस पैकेट, एन्टी, बायोटिक्स, एन्टी एमटिक्स, एन्टी मलेरिया एवं आई.व्ही. फ्ल्यूड्स के साथ साथ शुगर, बीपी, नेत्र रोग उपचार, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग, इत्यादि बीमारियों का उपचार किया गया। इस दौरान डॉ. उपेंद्र सिंह चिकित्सा अधिकारी, श्री शैलेन्द्र अग्रहरी ग्रामीण चिकित्सा सहायक, शिव कुमार जायसवाल प्रभारी सेक्टर सुपरवाइजर, कुमारी उर्मिला टेकाम, सीएचओ कु. सरोजनी पैकरा, ए.एन.एम सहित क्षेत्र के मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# बेटी के बिना जीवन है सूना- संगीता श्रीवास्तव




**चिरमिरी भारत भास्कर** बेटियां आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी काबिलियत का परचम लहरा रही है चाहे वह खेल हो, चिकित्सा हो, विज्ञान हो या अंतरिक्ष हो। वे सदा से ही पूजनीय व सम्माननीय रही हैं उक्त बातें एस ई सी एल संपदा महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती संगीता श्रीवास्तव अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर चिरमिरी क्षेत्र के नागपुर में बालिका छात्रावास के छात्राओं के बीच कही

महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा और उनके सहयोगी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए हमारी चिरमिरी शाखा की संपदा महिला समिति ने अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर चिरमिरी क्षेत्र के नागपुर बालिका छात्रावास का समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया छात्रावास की बालिकाओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं एवं सुविधाओं की जानकारी ली तत्पश्चात छात्राओं को उनके स्वयं के साफ-सफाई एवं रखरखाव के बारे में जागृत किया

इस अवसर पर 30 छात्राओं को बेडशीट, सेनेटरी पेड, एवं नाश्ते का पैकेट का वितरण किया गया। सामान प्राप्त कर छात्राओं द्वारा हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की गई और समिति के सदस्यों का धन्यवाद किया उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस को राष्ट्रीय बालिका विकास मिशन के रूप में शुरू किया गया है। यह मिशन पूरे देश में लोगों में लड़की की तरक्की के महत्व के बारे में जागरूक बढ़ाता है।

इस दौरान अध्यक्ष संपदा महिला मंडल संगीता श्रीवास्तव, रंजना पांडे, मीना सिंह चौहान, उषा राजेश, रीना शर्मा, अर्चना गोलाइट, डॉ अनुपमा दुबे, उषा राजेश, वर्षा शिंदे, अर्पणा बोस एवं अर्चना वागडे सक्रिय रहीं।

# नवनियुक्त शिक्षको उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न



**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर :--** रामानुज नगर विकासखंड मुख्यालय में नवनियुक्त माध्यमिक शाला के शिक्षकों का उन्मुखीकरण सह मोटिवेशनल कार्यशाला संपन्न हुआ। सभी शिक्षकों का परिचय लिया गया, उन्हें डायरी पेन देकर तथा मिष्ठान खिला करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड खंड शिक्षा अधिकारी श्री पंडित भारद्वाज ने शिक्षकों को मध्यान भोजन, छात्रवृत्ति, स्कूल भवन का रखरखाव, विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पेयजल, विभिन्न रिकॉर्ड का संधारण, कैसबुक का संधारण ,ग्रामीण पालको एवं छात्रों से आत्मीय संबंध विकसित करना तथा छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षा समितियों से सतत संपर्क के लिए का प्रयास, समय पर स्कूल में उपस्थितिऔर छात्रों को पाठ्यक्रम के अनुसार बेहतर ज्ञान देने को कहा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू से शिक्षकों को नियुक्ति पर शुभकामना देते हुई आह्वान किया कि ग्रामीण पालको एवम उनके पालको से समन्वय बनाते हुए पाठ्यक्रम के अनुसार छात्रों को बेहतर शिक्षा दें, अपने योग्यता(ज्ञान) को अपने अपने स्कूल में निवेश करें तथा अपने विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन करें। बीपीओ साक्षर भारत रवीनाथ तिवारी ने सभी शिक्षकों से कहा कि अपने अपने स्कूलों के शिक्षा के स्तर को उठाएंऔर वार्षिक परीक्षा परिणाम अव्वल लाने का प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन बीआरपी घनश्याम दुबे ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक लालमन साहू, विकास खंड कार्यालय के सभी स्टाफ एवं नवनियुक्त सभी 91 शिक्षक उपस्थित थे।

# कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत कार्यो का किया निरीक्षण



**जांजगीर-चांपा /** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज बलौदा विकासखंड के ग्राम कुलीपोटा, दर्राभाठा, बसंतपुर, मड़वा और करमंदा में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ शासन की कल्याणकारी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत सभी शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों की भवनों की रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्राम कुलीपोटा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चल रहे मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किये जा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर स्कूल एवं वातावरण मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न विद्यालयों के मरम्मत,.जीर्णोद्धार, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो, किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना है। उन्होंने बसंतपुर में प्रगतिरत निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने दर्राभाठा, मड़वा और करमंदा के स्कूलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विद्यालय भवनो के साथ सभी शाला भवनो को एक ही कलर के गोबर पैंट से पैंट करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने स्कूलों में बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिला आरक्षण और पार्टियों की हिप्पोक्रेसी

**अजीत द्विवेदी**

यह लाख टके का सवाल है कि क्या लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को कभी सचमुच आरक्षण मिल पाएगा? आबादी के अनुपात में आधी न सही लेकिन एक-तिहाई सीटें भी उनके लिए आरक्षित हो पाएंगी? पहली बार 1989 में तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्थानीय निकाय में महिलाओं को आरक्षण देने का बिल पेश किया था, जो राज्यसभा में सात वोट से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिंह राव की सरकार ने यह बिल पास कराया। उसके बाद कई राज्यों में स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू हुआ। बिहार में तो नीतीश कुमार की सरकार ने 50 फीसदी आरक्षण लागू किया हुआ है। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था का लाभ यह हुआ कि पूरे देश के अलग अलग निकायों में करीब 15 लाख महिलाएं जन प्रतिनिधि के तौर पर अपनी भूमिका निभा रही हैं। उस एक कानून ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कितना काम किया, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

इसके बावजूद क्या कारण है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का कानून नहीं बन पा रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो कानून निर्माता स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान करते हैं वे खुद अपने कुर्सी के त्याग का साहस नहीं दिखा पाते हैं। उनको पता है कि स्थानीय निकाय में आरक्षण देने से बिना कुछ गंवाए महिला हितैषी बना जा सकता है लेकिन अगर लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण दिया तो अपनी कुर्सी भी गंवानी पड़ सकती है। आज भले जितनी बातें हो रही हों लेकिन ज्यादातर पुरुष सांसद इस पक्ष में नहीं रहते हैं कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण दिया जाए। यह हकीकत है, जिसे वे वैचारिक जामा पहनाते हैं। एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण की बात करते हैं और उस आधार पर महिला आरक्षण का विरोध करते हैं।

अन्यथा कोई कारण नहीं था कि नौ मार्च 2010 को राज्यसभा से पास होने के बाद महिला आरक्षण का बिल लोकसभा से पास नहीं होता। आज कांग्रेस पार्टी इस बात का श्रेय ले रही है कि उसने महिला आरक्षण की शुरुआत की थी और मौजूदा सरकार की ओर से पेश किया गया बिल



उसका बिल है। लेकिन कांग्रेस से कोई यह सवाल नहीं पूछ रहा है कि जब उसने मार्च 2010 में राज्यसभा से बिल पास करा लिया तो लोकसभा में उसे क्यों नहीं पेश किया और क्यों नहीं पास कराया? क्या इससे कांग्रेस की मंशा पर संदेह नहीं पैदा होता है? उससे पहले महिला आरक्षण बिल तीन बार पेश हुआ और तीनों बार लोकसभा में पेश हुआ। लेकिन मनमोहन सिंह की सरकार ने राज्यसभा का रास्ता चुना और राज्यसभा से पास करा कर उसे लोकसभा भेज दिया गया, लेकिन वहां पेश नहीं किया गया।

उस समय लोकसभा में कांग्रेस के 206 सांसद थे और भाजपा के 116 यानी सिर्फ इन दो पार्टियों को मिला कर 322 सांसद थे। बिल पास कराने के लिए दो-तिहाई वोट यानी 362 वोट की जरूरत थी, जो आसानी से मिल जाता। जदयू के 20, कम्युनिस्ट पार्टियों के 20, बीजू जनता दल के 14, तृणमूल कांग्रेस के 19 और डीएमके के 18 सांसद थे, जो इस बिल का समर्थन करते। लेकिन कांग्रेस ने यह बिल पेश नहीं किया। उसके नेताओं ने कहा कि अगर बिल पेश होता तो राजद और समाजवादी पार्टी सरकार से समर्थन वापस ले लेते। हकीकत यह है कि इन दोनों पार्टियों के उस समय सिर्फ 28 सांसद थे और सरकार इनके भरोसे नहीं चल रही थी। सोचें, जुलाई 2008 में मनमोहन सिंह ने अमेरिका के साथ परमाणु संधि करने के लिए 60 सीटों वाली कम्युनिस्ट पार्टियों की परवाह नहीं की। तब कांग्रेस के अपने सिर्फ 145 सांसद थे। लेकिन जब उनके 206 सांसद हो गए तो उन्होंने 28 सांसदों वाली दो पार्टियों की वजह से महिला आरक्षण बिल पेश नहीं किया! क्या यह तर्क किसी के गले उतरेगा? जाहिर है कांग्रेस के पुरुष सांसदों के दबाव में बिल ठंडे बस्ते में डाला गया और आज पार्टी इसका श्रेय लेने को बेचैन है।

भाजपा की मौजूदा सरकार भी उसी रास्ते पर चल रही है, जो रास्ता 2010 में कांग्रेस ने चुना था। फर्क इतना है कि नरेंद्र मोदी की सरकार बिल पास करा कर उसको ठंडे बस्ते में डालेगी। अगर सरकार की मंशा साफ होती तो वह नया बिल लाने की बजाय मार्च 2010 में राज्यसभा में पास किए गए बिल को पुनर्जीवित करती। उसे बारी बारी से दोनों सदनों में पास करा कर लागू कर देती। अगर सरकार उस बिल को पास कराती तो उसे दो महीने बाद पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी लागू किया जा सकता था। उसमें जनगणना या परिसीमन की कोई शर्त नहीं थी। दोनों सदनों से पास होने और राष्ट्रपति के दस्तखत के साथ ही वह कानून अमल में आ जाता। लेकिन उसकी बजाय इस सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन के साथ जोड़ दिया, जिसका मतलब है कि पास होने के बाद भी इस पर अगले कई बरसों तक अमल नहीं हो पाएगा। अगर परिसीमन के बाद इसे लागू किया गया तो यह 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू हो पाएगा और तब तक कितनी चीजें बदल जाएंगी यह कोई नहीं कह सकता है।

असल में राजनीतिक दलों की मंशा साफ नहीं है। दिवंगत शरद यादव ने संसद में कहा था कि अगर यह बिल पास होता है तो परकटी महिलाएं संसद में आएंगी। उनकी इस बात का काफी विरोध हुआ था लेकिन किसी ने शरद यादव से नहीं पूछा था कि वे एक पार्टी के प्रमुख हैं तो क्यों नहीं अपनी पार्टी में गरीब और पिछड़ी जाति की महिलाओं को एक तिहाई टिकट दे दे रहे हैं? आरक्षण मिलेगा तभी पिछड़ी जाति की महिलाएं संसद या विधानसभा में पहुंचेंगी यह कहां का नियम है? उसके बिना क्यों लालू प्रसाद, शरद यादव और मुलायम सिंह ने अपनी पार्टी की टिकट गरीब, पिछड़ी, दलित, आदिवासी या अल्पसंख्यक महिलाओं को नहीं दी? अगर उन्होंने आबादी के अनुपात में महिलाओं को टिकट देना शुरू कर दिया होता तो इस बिल की जरूरत ही नहीं थी।

अब भी देर नहीं हुई है। जिस तरह से ममता बनर्जी और नवीन पटनायक ने अपनी पार्टी की 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देना शुरू किया है उसी तरह बाकी पार्टियां भी करें। कांग्रेस और भाजपा दोनों 50 या 40 फीसदी नहीं तो कम से कम 33 फीसदी टिकट महिलाओं को दें। जिन पार्टियों को पिछड़ी जाति की महिलाओं की चिंता है और आरक्षण में इसे शामिल कराना चाहती हैं वो पार्टियां 33 फीसदी टिकट पिछड़ी जाति की महिलाओं को देना शुरू करें फिर सारा झगड़ा ही खत्म हो जाएगा। इसके बाद बिल की जरूरत ही नहीं रह जाएगी। असल में महिला आरक्षण भारतीय राजनीति और इस देश के राजनेताओं की हिप्पोक्रेसी का चरम है। यह उनके दोहरेपन की मिसाल है। सारी पार्टियां कथित तौर पर महिला आरक्षण का समर्थन करती हैं लेकिन किसी को महिलाओं को टिकट नहीं देनी है। 'सामाजिक न्याय के महान योद्धा' लालू प्रसाद ने अपनी अनपढ़ पत्नी को तो मुख्यमंत्री बना दिया लेकिन पिछड़ी जाति की दूसरी महिलाओं को तभी टिकट देंगे, जब संसद से पास होकर महिला आरक्षण का कानून बनेगा! इससे ज्यादा हिप्पोक्रेसी क्या हो सकती है? जब तक देश के नेताओं का यह दोहरा रवैया खत्म नहीं होगा तब तक किसी न किसी बहाने महिला आरक्षण बिल अटकता रहेगा। इसलिए इस मामले में नेताओं की बड़ी बड़ी बातों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है। उनकी बातें सिर्फ बातें हैं और आंसू घड़ियाली हैं। उनकी बातों पर नहीं उनके आचरण पर नजर रखें।

## संपादकीय

# आरक्षण के फॉर्मूले से फायदा या नुकसान?

लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिला आरक्षण का जो फॉर्मूला बनाया गया है उससे फायदा होगा या नुकसान? फायदे और नुकसान का सवाल महिलाओं के लिए भी है और उनके चुनाव क्षेत्र के लिए भी है। ध्यान रहे महिला आरक्षण की व्यवस्था रोटेशन के आधार पर होगी। यानी एक बार जो क्षेत्र महिला के लिए आरक्षित होगा वह दूसरी बार नहीं होगा। सोचें, ऐसे में कौन सांसद उस क्षेत्र के विकास पर ध्यान देगा? अगर सांसद को पता है कि अगली बार उसको इस सीट से नहीं लड़ना है तो वह चुनाव जीतने के बाद दूसरी सीट की तलाश में लग जाएगा और अपने क्षेत्र की अनदेखी करेगा। सांसद चाहे महिला हो या पुरुष क्षेत्र को लेकर उसका व्यवहार ऐसा ही होगा। महिलाओं को भी इससे बहुत ज्यादा फायदा नहीं होगा। हां, यह जरूर होगा कि उनको आरक्षण की वजह से 33 फीसदी सीटें मिल जाएंगी, जो संख्या के लिहाज से बहुत ज्यादा हैं। लेकिन इससे महिला नेता बनने और देश, समाज का नेतृत्व करने की क्षमता में बढ़ोतरी की संभावना कम हो जाएगी। इसके बाद उनकी संख्या में बढ़ोतरी की गुंजाइश भी बहुत कम हो जाएगी, जैसा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में होता है। इन समुदायों के नेता एससी और एसटी के लिए आरक्षित सीटों पर ही चुनाव लड़ते हैं। अपवाद के तौर पर सुशील शिंदे जैसे एकाध नाम ध्यान आते हैं, जो सामान्य सीट से लड़ते थे। अन्यथा बाबू जगजीवन राम से लेकर रामविलास पासवान तक सारे दलित नेता आरक्षित सीट से ही लड़ते हैं। इसलिए उनकी संख्या आरक्षित सीटों से ज्यादा नहीं हो पाती है। महिलाओं के साथ भी यही होगा। लेकिन अगर आरक्षण की बजाय पार्टियां अपनी मर्जी से 33 फीसदी महिलाओं को टिकट दें तो लोकसभा और विधानसभाओं में उनकी संख्या 33 फीसदी से ज्यादा हो सकती है।

# वैश्विकी : 'सीमा पार दमन' का घेरा

**डॉ. दिलीप चौबे**

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की हां में हां मिलाते हुए एक नया जुमला गढ़ा है-'सीमा पार दमन'।

अब तक भारत पाकिस्तान के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद शब्दावली का प्रयोग करता रहा है, लेकिन अब ब्लिंकन ने भारत को कठघरे में खड़ा करते हुए सीमा पार दमन शब्दावली का ईजाद किया है। जाहिर है कि वह कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को सीमा पार दमन की श्रेणी में रखते हैं। प्रधानमंत्री ट्रूडो की तरह ब्लिंकन ने निज्जर की हत्या के लिए भारत पर सीधे दोषारोपण नहीं किया, लेकिन उनका इशारा स्पष्ट था कि वह इस हत्या के लिए भारतीय एजेंसियों पर संदेह जाहिर कर रहे हैं। अमेरिका की यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत के खिलाफ ब्लिंकन के इस पलाप का जवाब किस भाषा में देते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा।

इस बीच अमेरिका और पश्चिमी देशों की मीडिया में भारत विरोधी दुष्प्रचार का नया दौर शुरू हो गया है। द न्यूयार्क टाइम्स, द इकोनॉमिस्ट और टाइम मैगजीन जैसे पत्र-पत्रिकाएं निज्जर की हत्या के लिए भारतीय एजेंसियों को दोषी ठहरा रही हैं। आश्चर्य की बात है कि इनमें से बहुत से लेख भारतीय या भारतीय मूल के लोगों के द्वारा लिखे गए हैं। भारत की मीडिया में आतंकवादी निज्जर की हत्या को लेकर प्रायः एक जैसी राय है कि ट्रूडो के आरोप निराधार और शरारतपूर्ण हैं। मोदी सरकार का विरोध करने वाले समीक्षक भी ट्रूडो के आरोपों को खारिज करते हैं।

भारतीय मीडिया में पश्चिमी देशों के पाखंड और दोहरी नीति की तीखी आलोचना की जा रही है। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के साथ ही ब्रिटेन और कनाडा की एजेंसियों के काले-कारनामों की बखिया उधेड़ी जा रही है। इन एजेंसियों को खालिस्तानी आंदोलन, तमिल टाइगर के खूनी संघर्ष और पूर्वोत्तर भारत में पृथकतावादी आंदोलनों से जोड़ा जा रहा है। एक प्रमुख समाचारपत्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत के शीर्ष खुफिया अधिकारी (अजित डोभाल?) ने सीआईए प्रमुख को आतंकवादी पैरोकार गुरपतवंत सिंह पन्नू को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। यह भी संदेह व्यक्त किया गया कि पन्नू सीआईए का एजेंट हो सकता है।

इस पूरे विवाद में अमेरिका के सामने धर्मसंकट की स्थिति है। उसके वास्तविक चेहरे और चरित्र का पर्दाफाश हो सकता है। फिलहाल, पश्चिमी देशों में इस बात को लेकर बहस हो रही है कि भारत और कनाडा में से यदि एक का चुनाव करना हो तो अमेरिका किसका पक्ष लेगा। दुनिया में पांच देशों (फाइव आइज) का एक मजबूत लेकिन अघोषित गठबंधन है। ये देश हैं-अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड। इन देशों को 'व्हाइट एंग्लो सेक्सन प्रोटेस्टेंट' (वास्प देश) माना जाता है। यह रक्त संबंधी भाईचारा है, जिसे आलोचक नस्लवादी गठबंधन करार देते हैं। इन देशों के रणनीतिक और सुरक्षा हित एक जैसे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोप कितने भी हास्यास्पद क्यों न हों, अमेरिका कनाडा का ही साथ देगा। हालांकि समीक्षकों का एक छोटा वर्ग मानता है कि चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिका को भारत की आवश्यकता है। वह भारत की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहेगा। इन हालात में संभावना यही है कि अमेरिका दोनों देशों के बीच मेल-मिलाप की कोशिश करेगा।

बहुत कुछ इस बात पर निर्भर है कि कनाडा आने वाले दिनों में अपने यहां खालिस्तानी तत्वों के बारे में कैसा रवैया अपनाता है। खालिस्तानी तत्वों ने अगले कुछ दिनों में भारतीय उच्चायोग और वाणिज्य दूतावासों के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। कनाडा सरकार इन भारत विरोधी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानती है। मोदी सरकार के तेवरों से स्पष्ट है कि भारत अब इन शरारतपूर्ण कार्रवाइयों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

विदेश मंत्रालय ने कनाडा को आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह की संज्ञा दी है। अब तक यह तमगा पाकिस्तान को हासिल था। कनाडा ही नहीं बल्कि अमेरिका को भी अब यह तय करना होगा कि क्या वे अपने भौगोलिक क्षेत्र में एक पाकिस्तान का निर्माण करने का जोखिम उठा सकते हैं।

# चीन के गायब होते मंत्री!

**श्रुति व्यास**



पहले विदेश मंत्री चिन गांग गायब हुए। आज तक उनका कोई अतापता नहीं है।अब चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू भी लापता है। दोनों ही मंत्री एक समय राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पसंदीदा थे और उनके काफी निकट थे। इन दोनों के मंत्री पद पाने के पीछे के कारण जितने रहस्यमय थे, उनके पतन के कारण भी उतने ही रहस्यमय हैं।स्वभाविक जो मंत्रियों के इस तरह गायब होने की घटनाओं के कारण शी जिनपिंग की राजनीति और उनकी क्षमताओं के लेकर सवाल उठे हैं। पहले चीन के रक्षामंत्री जनरल ली शांगफू पर चर्चा कर ली जाए। वे लगभग तीन हफ़्तों से नजर नहीं आए हैं। खबरों में यह दावा किया जा रहा है कि उन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में जाँच चल रही है। वे आखिरी बार 29 अगस्त को देखे गए थे जब उन्होंने चीन-अफ्रीका शांति एवं सुरक्षा मंच को संबोधित किया था। उनकी आखिरी विदेश यात्रा अगस्त माह के मध्य में हुई थी जब वे मास्को और मिन्स्क गए थे। इस यात्रा के दौरान एक सम्मेलन में उनकी मुलाकात रूसी अधिकारियों और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात हुई थी। ली शांगफू के अलावा चिन गांग की नियुक्ति भी मार्च में हुए मंत्रिमंडल के फेरबदल में हुई थी, जिसके बारे में प्रचारित किया गया था कि ऐसा बहुत बारीकी से छानबीन के बाद किया गया। लेकिन इसके कुछ ही महीनों बाद ली शांगफू, चिन गांग के बाद दूसरे ऐसे शीर्ष मंत्री बन गए हैं जो 'गायब' हो गए हैं। शी जिनपिंग सन् 2012 से शासन कर रहे हैं और पिछले साल उन्होंने स्वयं को पांच वर्ष के तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी के महासचिव नियुक्त किया जो चीनी नेताओं द्वारा दस वर्ष के कार्यकाल के बाद सत्ता किसी अन्य व्यक्ति को सौंपने की परंपरा के विपरीत था। स्वयं को लगभग अनिश्चितकाल के लिए मजबूती से स्थापित करने के बाद शी ने मार्च के महीने में ली शांगफू और चिन गांग को चुना। इससे शी जिनपिंग की सही व्यक्तियों को चुनने की क्षमता पर तो प्रश्नचिन्ह लगा ही, यह भी साबित हुआ है कि वे यह सुनिश्चित नहीं कर सके हैं कि भ्रष्टाचार करने वाले डरें। लेकिन निर्णय लेने की उनकी क्षमता पर प्रश्न उठाने की हिम्मत किसी में नहीं है जबकि ली और चिन गांग की पदोन्नति का कारण ही यह था कि वे दोनों शी जिनपिंग के निकट थे। हालांकि चीनी राजनीति में रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री के पद अन्य देशों जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं। वहां वास्तविक शक्ति 24 सदस्यीय पोलितब्यूरो में निहित होती है। लेकिन फिर भी इन दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण थीं ꠰ और वह थी वैश्विक मंच पर चीन के हितों का संरक्षण करना। चीन का मानना था कि चिन गांग अपने कथित क्रियाकलापों के चलते देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन गए थे वहीं ली पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा दिए थे जिससे उनका कैरियर बेहतर हो सकता था क्योंकि चीन यह कह सकता था कि यदि वाशिंगटन रक्षा-मंत्री स्तरीय चर्चाएं दुबारा प्रारंभ करना चाहता है ली के रक्षा मंत्री होने के कारण उन पर लगा प्रतिबंध हटाया जाना होगा। लेकिन आज ली की 'जांच' चल रही है और वे गायब हैं। इससे चीन परेशानी में फँस गया है। नैंसी पैलोसी की ताईवान यात्रा के बाद से चीन ने अमरीका से वार्ताएं बंद कर दीं थीं। अब अमेरिका उन्हें बहाल करने के लिए उत्सुक है। और चीन में यह विचार था कि वार्ताएं प्रारंभ होने के पहले ली पर लगे प्रतिबंध हटवा लिए जाएं। लेकिन अब चूंकि उन्हें पद से ही हटा दिया गया है इसलिए क्या चीनी गतिरोध को समाप्त करवा पाएंगे? और क्या चीन विदेश मंत्रालय की तरह रक्षा मंत्रालय में भी एक नए मंत्री की नियुक्ति करेगा? चीन में अर्थव्यवस्था और विश्व में उसकी स्थिति की तरह राजनीतिक हालात भी डांवाडोल हैं लेकिन शी जिनपिंग को यह कौन बता सकता है कि अगर उनका यही रवैया बना रहा और जल्दी ही वे अकेले रह जाएंगे।

# टोल का झोल, टैक्स पर टैक्स और खराब सड़कों के लिए टोल टैक्स क्यों?

**स्वदेश तिवारी, स्थानीय संपादक**



सड़क विकास और रखरखाव के वित्तपोषण के लिए टोल एकत्र किए जाते हैं। परिणामस्वरूप, यह टोल टैक्स लगाकर नवनिर्मित टोल सड़कों की लागत की भरपाई करता है। यह टोल सड़कों के रखरखाव के लिए भी शुल्क लेता है। टोल टैक्स एनएचएआई को आय प्रदान करता है, जिसे विभिन्न निजी पार्टियों/ठेकेदारों को वितरित किया जाता है। कई ऐसी सड़कें हैं जहां बड़ी संख्या में गड्ढे मौजूद हैं। टोल सड़कें रखरखाव की बहुत खराब स्थिति में हैं। फ़ास्ट टैग प्रणालियाँ दोषपूर्ण या धीमी हैं जिसके कारण भारी देरी और असुविधा होती है। यह या तो ऑपरेटरों की अक्षमता या रखरखाव की कमी है। सरकार की ओर से बड़े-बड़े दावे करने का कोई मतलब नहीं है। इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया जाना चाहिए। अब इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की कंपनियां भी प्रवेश कर रही है। ये अपने फायदे के लिए काम करती है और खूब पैसा वसूल करती है तभी आप देख रहे है कि देश भर में अरबों का टोल टैक्स अपनी जेब में डालने के बाद भी सड़कों की हालत खस्ता है।

टोल टैक्स या सिर्फ टोल वह शुल्क है जो वाहन चालकों को तय सड़कों, पुलों, सुरंगों से गुजरने पर देना पड़ता है। ऐसी सड़कों को टोल रोड कहा जाता है। यह इनडायरेक्ट टैक्स है। यह रोड टैक्स से इतर है जो आरटीओ वाहन मालिकों से वसूल करते हैं। टोल टैक्स कलेक्ट करने के लिए सड़कों पर टोल बूथ या टोल प्लाजा (कई बूथों को मिलाकर) होते हैं। आमतौर पर दो टोल बूथ के बीच 60 किलोमीटर की दूरी होती है। भारत में चार पहिया या उससे बड़े वाहनों से टोल टैक्स लिया जाता है। सड़कें बनाने में अच्छा-खासा पैसा खर्च होता है। नैशनल हाइवे/एक्सप्रेसवे बनाने में अरबों रुपये लग जाते हैं।



ऐसे में टोल के जरिए वह लागत वसूली जाती है। मेंटेनेंस के लिए भी टोल टैक्स लिया जाता है। एक बार हाइवे की लागत रिकवर हो जाने पर टोल टैक्स 40% हो जाता है, जो मेंटेनेंस में इस्तेमाल होता है। आमतौर पर टोल रोड के हर 60 किलोमीटर स्ट्रेच पर टैक्स लिया जाता है। अगर स्ट्रेच इससे छोटा है तो रोड की वास्तविक लंबाई के आधार पर टैक्स वसूला जा सकता है। टोल टैक्स कितना होगा, यह तय करने के कई और फैक्टर्स भी होते हैं जैसे पुल, सुरंग, बाईपास, हाइवे की चौड़ाई या अन्य शर्तें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि खराब सड़कों से गुजरने वाले टोल क्यों दें सड़कें खराब हैं तो सरकार की नीतियों की वजह से, इसकी सरकार भरपाई करे।

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में ओवरलोडेड ट्रकों के चलने पर चिंता जताई है और कहा है कि इन ट्रकों की वजह से सड़कों की हालत खस्ता हो रही है। कोर्ट ने कहा कि ओवरलोडेड ट्रक भी भ्रष्टाचार का एक और जरिया हैं और अब इन्हें काबू करने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। टोल सड़क के विकास और रखरखाव को फंड देने के लिए एकत्र किए जाते हैं। नतीजतन, यह टोल टैक्स लगाकर नवनिर्मित टोल सड़कों की लागतों की भरपाई करता है। यह टोल सड़कों के रखरखाव के लिए भी शुल्क लेता है। सड़क विकास और रखरखाव के वित्तपोषण के लिए टोल एकत्र किए जाते हैं। परिणामस्वरूप, यह टोल टैक्स लगाकर नवनिर्मित टोल सड़कों की लागत की भरपाई करता है। यह टोल सड़कों के रखरखाव के लिए भी शुल्क लेता है। टोल टैक्स एनएचएआई को आय प्रदान करता है, जिसे विभिन्न निजी पार्टियों/ठेकेदारों को वितरित किया जाता है। यहां कई ऐसी सड़कें हैं जहां बड़ी संख्या में गड्ढे मौजूद हैं। टोल सड़कें रखरखाव की बहुत खराब स्थिति में हैं। फ़ास्ट टैग प्रणालियाँ दोषपूर्ण या धीमी हैं जिसके कारण भारी देरी और असुविधा होती है। यह या तो ऑपरेटरों की अक्षमता या रखरखाव की कमी है। सरकार की ओर से बड़े-बड़े दावे करने का कोई मतलब नहीं है। इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया जाना चाहिए।

कोर्ट के निर्णय के अनुसार जो सडकें केंद्र सरकार या राज्य सरकारें बनवायेंगी उन पर कोई टोल टैक्स नहीं लगता है। लेकिन जिन्हें ये सरकारें नहीं बनाती है उन पर टोल टैक्स देय होता है ताकि सडक बनाने वाली संस्था सडक निर्माण की अपनी कीमत वसूल सके। जब आप किसी सडक पर यात्रा करते हैं तो टोल टैक्स वसूलने वाली संस्था का नाम भी लिखा होता है। यह सडक बनाने वाली संस्था ही होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ) बनाता है। यह भले ही सरकारी संस्था है लेकिन सरकार से अलग एक स्वायत्त संस्था है। यह जो भी सडक बनायेगी, टोल टैक्स वसूलेगी। अब इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की कंपनियां भी प्रवेश कर रही है। ये अपने फायदे के लिए काम करती है और खूब पैसा वसूल करती है तभी आप देख रहे है कि देश भर में अरबों का टोल टैक्स अपनी जेब में डालने के बाद भी सड़कों की हालत खस्ता है। टोल प्लाजा के नियमों ने उन लोगों के लिए टोल का भुगतान करने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, जिनके पास फास्टैग है और फिर भी 10 सेकंड से अधिक सेवा समय के लिए इंतजार करना पड़ता है। अगर वेटिंग लाइन 100 मीटर से अधिक लंबी हो जाती है, तो टोल प्लाजा नियम, वाहनों को टोल का भुगतान किए बिना गुजरने की अनुमति देते हैं।

हर टोल लेन में टोल बूथ से 100 मीटर की दूरी पर पीली पट्टी होनी चाहिए। टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह हाल के वर्षों में पेश किया गया। टोल प्लाजा नियमों के अनुसार अनिवार्य किया गया है। फास्टैग टोल भुगतान के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक का इस्तेमाल होता हैं। केंद्रीय परिवहन मंत्री ने 60 किलोमीटर से कम दूरी वाले टोल प्लाजा को बंद करने की घोषणा की थी। 60 किलोमीटर के भीतर केवल एक टोल बूथ होगा। सरकारी अधिकारियों ने पिछले साल जीपीएस आधारित टोलिंग शुरू करने की योजना की घोषणा की। स्थानीय निवासी और बार-बार उपयोग करने वाले एनएचएआई टोल नियम 2022 के अनुसार रियायतों का आनंद लेते हैं। हालांकि ये राहत देने वाले टोल प्लाजा नियम पूरे भारत में एक समान नहीं हैं। नए टोल प्लाजा नियम 2022 के अनुसार भी वाहन मालिकों के लिए फास्टैग होना जरुरी है। लेकिन अधिकारी उन लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित नहीं कर सकते जिनके पास फास्टैग नहीं है। ऐसे यूजर्स को जिस कैटेगरी में उनका वाहन आता है, उसके लिए दोगुनी रकम चुकानी पड़ती है।

## सार-समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**दुर्ग।** 25 की संध्या पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री शलभ सिन्हा के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं शहर के थाना/चौकी प्रभारियों की मीटिंग पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में ली गई थी। जिसमें जिले की सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था के लिये, असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशो में कानून का डर बनाने हेतु, नशे के खिलाफ कार्यवाही करने, आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा योजना तैयार किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। मीटिंग उपरांत पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा स्वयं शहर में फ्लैग मार्च निकाला। जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री संजय कुमार ध्रुव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री अनंत कुमार सहित राजपत्रित अधिकारी के साथ में भिलाई नगर क्षेत्र छावनी, खुसीपार, वैशाली नगर में सघन पेट्रोलिंग की गई। फ्लैग मार्च के दौरान अड्डेबाजी करने वाले, क्षेत्र के गुंडे बदमाशो, स्पीड बाइकिंग करने वालो पर सख्त कार्यवाही किये जाने सहित यह अभियान चलाया गया। आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रख कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर श्री विश्व दीपक त्रिपाठी नगर पुलिस अधीक्षक छावनी श्री आशीष बंछोर, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री मणि शंकर चंद्रा सहित थाना प्रभारीगण उनके पेट्रोलिंग स्टाफ एवम डायल 112 का स्टाफ जवान उपस्थित रहे।

### गायत्री मंदिर हुडको में निशुल्क श्राद्ध तर्पण 29 से

**भिलाई।** गायत्री मंदिर हुडको द्वारा पितृ पक्ष में नि:शुल्क पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया है. यह आयोजन का 23 वां वर्ष है. दिनांक 29 सितंबर (पूर्णिमा) से 14 अक्टूबर (अमावस्या) तक प्रतिदिन सुबह 07:30 से 09:30 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों द्वारा वैदिक पद्धति से सामूहिक श्राद्ध तर्पण कराया जायेगा. पुरुषों के समान महिलाएं भी इस कार्यक्रम में नि:संकोच सम्मिलित होकर अपने पितरों के लिए श्राद्ध तर्पण कर सकती हैं।

### जेएलएन अस्पताल में विश्व गर्भनिरोधक दिवस का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के स्त्री एवं प्रसूति विभाग द्वारा 26 सितंबर को विष्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। इस बार विश्व गर्भनिरोधक दिवस 2023 की थीम है- विकल्पों की शक्ति (पावर ऑफ ऑप्शन)। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर व विभिन्न पोस्टरों का उद्घाटन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ राजीव कुमार पॉल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी व विभागाध्यक्ष (स्त्री रोग विभाग) डॉ संगीता कामरा एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्त्री रोग विभाग) डॉ रौशन सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष (स्त्री रोग विभाग) डॉ संगीता कामरा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत में सिर्फ 40 प्रतिषत शादीशुदा लोग ही विभिन्न गर्भनिरोधक के साधनों का प्रयोग करते हैं। अनचाहे गर्भ की समस्या बहुत अधिक है। अत: अनचाहे गर्भ के लिए गर्भपात करवाना पड़ता है। अनचाहे गर्भ को रोकना ही ज्यादा अच्छा विकल्प है। भारत की जनसंख्या नियंत्रण के लिए व दो बच्चों में उचित दूरी के लिए यह जरूरी है की लोग अपनी जरूरत के अनुसार विभिन्न साधन प्रयोग करें। विभिन्न गर्भनिरोधक साधनों के प्रकार व उनके लाभ तथा किस प्रकार मरीज इन साधनों इस्तेमाल नहीं कर सकते आदि की जानकारी अस्पताल के ट्रेनी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं नर्सिंग छात्र एवं छात्राओं द्वारा 23 पोस्टरों के माध्यम से प्रदान की गई। इन पोस्टरों का अवलोकन अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संबिता पंडा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी मर्सी तथा नर्सिंग एडमिन शैला अब्राहम एवं अनुभा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम की महत्ता दर्शाने व विभिन्न कदम उठाए जाने के बारे में लोगों को जाग्रत करते हुए अपने विचार रखें। इसके साथ ही गर्भनिरोधक साधनों के सुरक्षित प्रयोग के बारे में लोगों में जागरूकता लाने हेतु प्रसुति एवं स्त्री रोग विभाग को प्रोत्साहित किया। विभिन्न वर्गों में अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किये गए एवं पुस्तिका जिसमें विभिन्न गर्भनिरोधक के साधन सरल भाषा में दर्शाये गये हैं। इस पुस्तिका का विमोचन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ द्वारा किया गया। इस पुस्तिका की प्रतियों अस्पताल के मरीजों जागरूक करने हेतु वितरित की गई। पीजी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने नाट्य प्रस्तुति दी जिसमें विभिन्न गर्भनिरोधक उपकरणों की जानकारी दी गई। अंत में सभी विजेताओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी तथा उपस्थित अन्य चिकित्सकगणों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# मुख्यमंत्री ने 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7 हजार 300 विभिन्न विकास कार्या का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

**एम,सी बी--भारत भास्कर**-- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में राज्य के 26 जिलों में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7 हजार 300 विभिन्न विकास कार्या का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इनमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की 49 करोड़ 64 लाख 43 हजार रूपए की लागत के 5 कार्य शामिल है। लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जिला मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर के चिरमिरी में नवीन शासकीय पॉलिटेक्नीक भवन का निर्माण लागत रूपये 911.44 लाख, ग्राम पाराडोल में मुख्य सड़क से हाईस्कूल तक पक्की सड़क निर्माण लम्बाई 2.80 किलोमीटर लागत रूपये 502.00 लाख, जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत हसदेव नदी में पाराडोल एनीकट निर्माण लागत रूपये 987.99 लाख, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना लागत रूपये 2420.00 लाख जिसमें 20 ग्रामों में 4288 नल कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे, के शिलान्यास कार्य शामिल हैं। वहीं 03 ग्राम में लागत रूपये 143.00 लाख जिसमें 142 जल नल कनेक्शन प्रदाय किया जा चुका है का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुवल किया गया।



मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे राज्य शासन नवा छत्तीसगढ़ के सतत विकास की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बाहुल्य और दूरस्थ अंचल के क्षेत्र में विशेष फोकस करना शासन की प्राथमिकता की श्रेणी में है। उन्होंने आगे कहा किसान, मजदूर और लघु वन उपज संग्राहक को हमारी योजना निसंदेह लागू है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति शासन की प्राथमिकता है। सभी लोग आर्थिक रूप से संपन्न बने ताकि शासन के नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प शीघ्र पूर्ण हो, इसके लिए समावेशी विकास की अवधारणा को छत्तीसगढ़ शासन अपना रही है। छत्तीसगढ़ के सभी लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्या के साथ ही किसानों, मजदूरों, वनवासियों, युवाओं-महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गा के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जन हितैशी कार्य चलाए जा रहे हैं जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।

मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित वर्चुअली कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्कूली शिक्षा एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, योजना अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम विधायक चिन्तामणी महाराज, सहित मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे7

,इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती प्रभा पटेल, पार्षद सपन महतो वार्ड क्रं. 03, शिव यादव वार्ड क्रं. 16, पार्षद पति इमरान खान वार्ड क्रं. 05, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, संयुक्त कलेक्टर सी. एस. पैकरा, बी. के. चतुर्वेदी एसडीओ पीडब्ल्यूडी, आकाश पोद्दार एसडीओ पीएचई आदि उपस्थित थे

## डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति, बांधा समां



**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर** - नवयुवक गणेश पूजा समिति राई (जुनापारा) के द्वारा पूजा पंडाल में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित डांस प्रतियोगिता में प्रस्तुति से बच्चों ने अपना जलवा बिखेरा। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। फिल्मी धुनों, देश भक्ति पर बच्चों के नृत्य की प्रस्तुति पर दर्शक झूमते नजर आए। प्रतियोगिता में 36 प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी की। समिति के निर्णायकों के द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर प्रथम स्थान मिस्ठी पैकरा को युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव राहुल जायसवाल के द्वारा 1100 नगद व शील्ड से नवाजा गया। द्वितीय सब्बा खान को वार्ड पंच बसंत जायसवाल के द्वारा 500 नगद और शील्ड से नवाजा गया। तृतीय प्रियंका सिंह समिति के द्वारा 300 शील्ड एवं राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा टॉप इलेवन नृत्यकर्ताओं को इनामी राशि दी गई। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वहीं कार्यक्रम के आयोजन से मनोरंजन होता है। वहीं उन्होंने डांस प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए कहा ऐसे कार्यक्रम से न सिर्फ मनोरंजन होता है। बल्की बच्चों का मानसिक विकास होता है और बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखर का सामने आती है। तथा ऐसे कार्यक्रम को लेकर समिति का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन अनूप जायसवाल ने किया। इस कार्यक्रम में केशव जायसवाल, दुर्गा सिंह पैकरा, दीपक जायसवाल, अंकित जायसवाल, संजय जायसवाल, मनोज जायसवाल, राजेश यादव, विनय यादव, आशीष जायसवाल, रोहित जायसवाल, अविनाश यादव, अरुण देवांगन, अश्वनी देवांगन, अमरेश पैकरा, राजा पैकरा, इंद्र देव यादव, सोनू देवांगन, उतम पाल नितेश, चंदन, सुधेश, अमन देवांगन सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे

## वी डिस्ट्रिक्ट 323 -जी 3 की एरिया मीट शौर्य संपन्न

**चिरमिरी भारत भास्कर** -- द एसोसिएशन ऑफवी क्लब्स ऑफ़ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 323 जी के तहत एरिया 3 का एरिया मीट शौर्य का आयोजन होटल हसदेव इन में मुख्य अतिथि वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता फमानिया विशिष्ट अतिथि एरिया ऑफिसर वी रश्मि वधावन एडवाइजर वी इंद्रा सेंगर ,मनेन्द्रगढ़ क्लब अध्यक्ष वी प्रीति जायसवाल, चिरमिरी क्लब उपाध्यक्ष वी बबीता सिंह, कोषाध्यक्ष वी रीता बेदी के आतिथ्य में किया गया जिसमें पांच क्लब महेंद्रगढ़ चिरमिरी बैकुंठपुर अंबिकापुर एवं विश्रामपुर के पदाधिकारीयो ने हिस्सा लिया था

अध्यक्षता एरिया ऑफिसर रश्मि वधावन ने की।

सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित उपरांत संतोषी पांडे ने ध्वज वंदना किया।

गणेश वंदना की प्रस्तुति शिप्रा विश्वास, स्वागत गीत - रीना वर्मा , कविता महाराज,बबीता सिंह प्रस्तुत किया संजू बघेल द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़िया नृत्य की सभी ने प्रशंसा की

एरिया ऑफिसर रश्मि वधावन ने स्वागत उद्बोधन में , एरिया 3 के अंतर्गत चल रहे पांच



क्लब महेंद्रगढ़ चिरमिरी बैकुंठपुर अंबिकापुर एवं विश्रामपुर के क्लब सदस्यों के द्वारा सामाजिक गतिविधियों के साथ की जा रही सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा वरिष्ठ पदाधिकारी चार्टर्ड डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल जी ,डिस्ट्रिक्ट चीफ एडवाइजर अंशु गोयल ,वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फमानिया ,डिस्ट्रिक्ट सचिव अलका फमानिया एवं अमरजीत कुथूर के मार्गदर्शन में क्लब निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है सभी क्लब के सदस्यों द्वारा उत्साह के साथ कार्य किया जा रहा है आप सभी का निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहा सभी वरिष्ठ पदाधिकारी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

क्लब अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी ने अपने अपने क्लब की रिपोर्टिंग प्रस्तुत की ।

एरिया एडवाइजर इंद्रा सेंगर के उद्बोधन उपरांत वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फमानिया द्वारा स्कूलिंग किया गया ,बालिका दिवस के उपलक्ष में प्रचित मनोहर चिलविलवार के द्वारा बेहतरीन भाषण दिया गया।

कार्यक्रम में एरिया ऑफिसर रश्मि वधावन का वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फमानिया द्वारा पीन , ज्ञानवर्धक पुस्तक एवं माला से सम्मान, के साथ रीना वर्मा को माला एवं शॉल से सम्मानित किया गया,संजू बघेल का सम्मान, शिप्रा दास ने किया

मनेन्द्रगढ़ क्लब अध्यक्ष द्वारा एरिया ऑफिसर का सम्मान किया गया मंच संचालन आशा गुलकरी तथा, पार्वती गोयन द्वारा तथा आभार, प्रदर्शन अनीता फमानिया के द्वारा किया गया

## फिल्म तही मोर सोना 6 अक्टूबर को होगी रिलीज

**भिलाई।** एस आर सिनेमा के बैनर तले तहि मोर सोना शहर के नजदीकी सिनेमा घरों में आगामी 6 अक्टूबर को प्रदर्शित होने जा रही है। यह फिल्म एक सस्पेंस व थ्रीलर फिल्म है, जिसे दर्शक पूरे उत्सुकता व जिज्ञासा के साथ देख सकेंगे। साथ ही दर्शक आश्चर्यचकित होकर यह सोचेंगे कि ये क्या हो गया और कैसे हो गया? अरे ऐसे कैसे? इसमें सस्पेंस के साथ भरपूर कॉमेडी भी है, ऐसी कॉमेडी जिसमे दर्शक खुद की छवि देखेंगे और सोचेंगे कि ये तो मेरे साथ भी होता है। उक्त बातें पत्रकारों से चर्चा करते हुए फिल्म की निर्माता सृष्टि अग्रवाल ने कही। सृष्टि अग्रवाल ने कहा कि फुल पैकेज है, दर्शकों की डिमांड के अनुसार रोमांस और एक्शन से हटकर सस्पेंस व थ्रीलर फिल्म हम लोगों ने मिलकर बनाई है। यह जो नया प्रयोग किया गया है, इसको एक बार टॉकीजों में आकर जरूर देखें और अपना भरपूर आशीर्वाद दें। यदि इस फिल्म में दर्शकों का भरपूर प्यार मिला तो इसी प्रकार से अलग हटकर हम आगे भी फिल्म बनायेंगे। इस दौरान फिल्म की नायिका सोनाली सहारे ने बताया कि मेरी पहली फिल्म बीए सेकण्डीयर थी जो सुपरहीट हुई थी। आज तक मैं जोहार छत्तीसगढ, ससुराल सहित लगभग दो दर्जन फिल्मों में लीड हिरोइन की भूमिका का निर्वहन कर चुकी हूं लेकिन पहली बार मैंने इस फिल्म में लीक से हटकर रोल किया है और मुझे उम्मीद है कि मेरा ये नया रोल दर्शकों को बहुत भायेगा। वहीं फिल्म के हीरो संजू साहू ने कहा कि मेरी ये दूसरी फिल्म है इससे पहले मैं तैंही मोर लव स्टोरी में किया था उसके बाद ये मेरी दूसरी फिल्म है, इसमें मैं संवाददाता की भूमिका अदा किया हूं। फिल्म के मुख्य असिस्टेंड डायरेक्टर राजेन्द्र बालक ने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग बलौदाबाजार के जिला बनने के बाद पहली बार यहां हुई है।

## सम्पत्तिकर में 30 तक 4 प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं

### 2 हजार के नोट से पटाएं टैक्स

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई ने सम्पत्तिकर भुगतान करने पर नागरिकों को 4 प्रतिशत विशेष छूट कर प्रावधान किया है। 30 सितम्बर तक नागरिकगण अपने भवन तथा व्यवसायिक भूखण्ड का सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है नागरिक 2 हजार के नोट से भी टैक्स जमा कर सकते है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के राजस्व वसुली हेतु एस.पी.एस. ठेका कम्पनी को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के सक्त निर्देश दिये है। आयुक्त ने कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा है कि निगम क्षेत्र




में बने नवीन भवन तथा नवनिर्मित तलो का गणना कर टैक्स का निर्धारण का मांग पत्र भेजे और टेक्स जमा कराएं। 30 सितम्बर तक सम्पत्तिकर जमा कर नागरिक 4 प्रतिशत तक के छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। बता दे कि भारत सरकार के रिर्जव बैंक द्वारा पूर्व घोषित अनुसार 30 सितंबर के बाद 2 हजार के नोट बाजार में चलन से बाहर हो जाएगा, निगम ने नागरिकों से कहा है कि अपने सम्पत्तिकर का भुगतान 2 हजार के नोट से भी कर सकते है।

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम क्षेत्र के करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि अपने आवासीय एवं व्यवसायिक भवनों का स्वविवरणी के माध्यम से नवीन मूल्यांकन के आधार पर सम्पत्तिकर की राशि 30 सितंबर तक जमा कर छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। भवनों में तलों का विस्तारीकरण की जानकारी भी स्वविवरणी मे अवश्य देवे ताकि भविष्य में जांच के बाद लगने वाले अधिभार से बचा जा सके।

## पीड़ित को सही न्याय निर्बल असहाय को विधी की जानकारी एक अच्छे अधिवक्ता कि पहचान-आनंद कुमार ध्रुव

**चिरमिरी भारत भास्कर** अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण समारोह गोदरीपारा के विवेकानंद भवन में कोरिया जिला के जिला एवं सेशन -सत्र न्यायलय के न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार ध्रुव के मुख्य आतिथ्य एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायलय चिरिमिरी के न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार पात्रे की अध्यक्षता के साथ विशिष्ट अतिथी मनेन्द्रगढ विधानसभा के विधायक डॉ विनय जायसवाल,महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल, पुर्व विधायक श्याम विहारी जायसवाल , सब एरिया मैनेजर कुरासिया अरूण सिंह चौहान, के आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ ।

सर्वप्रथम माँ वीणादायनी सरस्वती के छायाचित्र पर धुप दीप,माल्यापर्ण कर पुर्ण वैदिक परम्परा अनुसार सवस्ति वाचन का पाठ अधिवक्ता सतीश विश्वकर्मा,एवम जगन्नाथ सविता द्वारा कराया गया, उक्त शपथ ग्रहण समारोह मे परम्परा के अनुसार सभी आन्गुतुक अतिथियो का स्वागत माल्यार्पण व पुष्प् गुच्छ से स्वागत के पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया!

शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम मे मुख्य






व विशिष्ट अतिथियो सहित अन्य अतिथियो मे श्रीमती दिप्ती सिंह गौर (न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्ग एक, चिरिमिरी व्यवहार न्यायलय, ),मनोज कुमार कुशवाहा (न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्ग 02 चिरिमिरी व्यवहार न्यायलय), विनय कुमार प्रधान (न्यायिक मजिस्ट्रेट बैकुंठपु,),दीपक कुमार शर्मा (न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्ग 02 व्यवहार न्यायालय बलराम पुर) एवम रामनरेश पटेल अध्यक्ष मनेन्द्रगढ अधिवक्ता की उपस्थिति मे जिला एवं सेशन -सत्र न्यायालय के न्यायाधीश आनन्द कुमार ध्रुव द्वारा अधिवक्ता संघ के निर्वाचित पदाधिकारीयो में अध्यक्ष अनिल सिंह, उपाध्यक्ष निलेश जायस्वाल, सचिव छत्रपाल सिंह, सहसचिव दिलिप गुप्ता, कोशाध्यक्ष समर सिंह, क्रिडा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नरेन्द्र कुमार आर्य, को पद व गोपनियता की शपथ दिलायी!

इस अवसर पर जिला न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ध्रुव ने कहा कि संघ अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पुर्वक निभाते हुये सबके साथ सहयोग की भावना व नम्रता भरा होना ही एक अच्छे अधिवक्ता कि पहचान होती है,सही न्याय सबको मिले ओर निर्बल असहाय को विधी की जानकारी कैसे निशुल्क प्राप्त हो, इसकी जानकारी अधिवक्ताओ को सरल व सहज भाषा मे पिडित व्यक्ती को देने पर जोर देते हुए न्यायालय की ओर से मिलने की बात कही

विधायक विनय जायसवाल ने अधिवक्ताओ की काफ़ी समय अतिरिक्त जिला न्यायालय की मांग के पुरा होने पर बधाई दी ओर जरुरत के हिसाब से उसे पुरा करने की मंशा जतायी! पुर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भी अतिरिक्त जिला न्यायालय की मांग अधिवक्ताओ कि पुरी होने पर बधाई दी

अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रेमलाल श्रीवास्तव अनिमेष सिंह राकेश श्रीवास्तव शाहिद महमूद शाहिद समर सिंह दिलीप गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया

इस दौरान संघ के समस्त अधिवक्ताओ सहित जनप्रतिनिधी ,सामाजिक दल,धार्मिक संगठन,के पदाधिकारियों सहित विशिष्ट नागरिक उपस्थित रहे!

# हत्या का प्रयास व छेड़खानी मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, घरघोड़ा पुलिस ने भेजा रिमांड

## आरोपी ने अपने भाई के साथ पुरानी रंजिश पर युवक को कार से कुचलने का किया था प्रयास

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास और छेड़खानी मामले में फरार चल रहे आरोपी मदन चैहान (22 साल) निवासी ग्राम रायकेरा थाना घरघोड़ा को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी युवक अपने बड़े भाई मधुसूदन चैहान के साथ पुरानी रंजीश पर कोनपारा के युवक को अपने मारूति कार से कुचलकर हत्या की कोशिश की गई थी। घरघोड़ा पुलिस द्वारा घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना दरम्यान 10 सितंबर को आरोपी मधुसूदन चैहान (28 साल) का गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपित दोनों ही भाई हत्या के प्रयास और बलवा समेत छेड़खानी मामले में गिरफ्तारी हेतु वांछित थे। जानकारी के मुताबिक आहत युवक की पत्नीध्प्रार्थीया घटना को लेकर 09 सितंबर को थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि घटना के कुछ दिनों पहले मधुसूदन चैहान उसके भाई मदन चैहान उनके साथियों के विरुद्ध थाने में छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसे लेकर आरोपीगण रंजीश रखे हुए थे। 09 सितंबर को प्रतिदिन की तरह दोनों पति-पत्नी अपनी दुकान में बैठे थे। उसी समय



मधुसूदन चैहान और मदन चैहान एक मारूति कार में आए और कार से उतर कर दोनों दुकान के सामने आकर थाने में रिपोर्ट को लेकर गाली गलौज कर धमकी दिए और फिर चले गए। दोपहर जब पति अपने स्कूटी से घर खाना खाने आ रहा था। तब दोनों भाई मधुसूदन चैहान और मदन पहले से घात लगाये रायकेरा मेन रोड पांझर पुलिया के पास पीछे से अपने मारूती कार में स्कुटी पर सवार पति की हत्या करने की पूर्ण नियत से ठोकर मारें जिससे स्कुटी के साथ गिरे प्रार्थीया के पति के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आयी है। प्रार्थीया के बताये अनुसार मारूति कार को आरोपी मधुसुदन चैहान चला रहा था। आहत को उसके परिवार वालों द्वारा रायगढ़ अस्पताल में भर्ती कारण है। आरोपियों द्वारा साजिश कर हत्या की नीयत से अपराध को अंजाम देने संबंधी आवेदन पर आरोपी मधुसुदन चैहानऔर मदन चैहान पर हत्या के प्रयास समेत सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया जिसमें आरोपी मधुसूदन चैहान को गिरफ्तार किया गया जिससे घटना में प्रयुक्त क्षतिग्रस्त मारुति कार को जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। फरार आरोपी मदन चैहान की घरघोड़ा पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी तथा मुखबिरों को आरोपी मदन चैहान के क्षेत्र में देखे जाने पर तत्काल सूचना देने कहा गया था। इसी कड़ी में कल आरोपी मदन चैहान को रायकेरा में घूमते देखे जाने की सूचना मुखबिर द्वारा दिये जाने पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने से स्टाफ आरोपी की पतासाजी के लिये रवाना किया गया, स्टाफ द्वारा आरोपी मदन चैहान पिता ईश्वर चैहान उम्र 28 साल निवासी रायकेरा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे पूछताछ कर आरोपी के मेमोरंडम पर एक बांस का डंडा वजह सबूत जप्त किया गया है। आरोपी मदन चौहान को घरघोड़ा पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास और बलवा समेत छेड़खानी दोनों ही मामलों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# फास्टरपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं जन सहयोग से शातिर मवेशी चोरो पर शिकंजा कसा

**मुंगेली।** फास्टरपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं जन सहयोग से शातिर मवेशी चोरो पर शिकंजा कसा है। पुरा मामला फास्टपुर थाने का है जहां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरा श्वेतगंगा निवासी लक्ष्मीनारायण शर्मा रोज की तरह 23 सितंबर को अपने घर से लगे मवेशी कोठा में मवेशियों को चारा आदि खिलाकर रात्रि करीबन 9-10 बजे अपने परिवार के साथ सोया हुआ था सुबह करीबन 4.00 बजे मवेशी कोठा तरफ मवेशियों का आवाज सुनकर नींद खुलने पर घर से बाहर निकला देखा कि दो व्यक्ति उसके मवेशी कोठा का ताला तोडकर मवेशी कोठा के अंदर बंधे दो रास भैंस, दो रास पडिया तथा एक गाय को चोरी कर बाहर निकाल लिये थे कि लक्ष्मीनारायण शर्मा अपने रिश्तेदारों के साथ-साथ फास्टरपुर पुलिस को फोन द्वारा चोरी की सूचना दिया कि पुलिस अधीक्षक मुंगेली चन्द्र मोहन सिंह (भा.पु.से.) तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा



पाण्डे द्वारा शराब तस्करी चोरी, नकबजनी आदि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने दिये गये निर्देशानुसार फास्टरपुर पुलिस की गस्ती टीम तुरन्त मौके पर पहुंची और लक्ष्मीनारायण शर्मा तथा उसके पडोसी अंशु शर्मा, योगेन्द्र शर्मा आदि के सहयोग से घेराबंदी कर मवेशी चोर को मय मवेशी के पकडकर पुछताछ करने पर अपना नाम जय कुमार दिवाकर पिता जीवन दिवाकर उम्र 20 वर्ष निवासी राजपुर मौहार थाना फास्टरपुर तथा राजेन्द्र घृतलहरे पिता लक्ष्मण घृतलहरे उम्र 28 वर्ष निवासी मुढपार ( सम्बलपुर) थाना नांदघाट जिला बेमेतरा का रहने वाला होना बताये प्रार्थी लक्ष्मीनारायण के रिपोर्ट थाना में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों के कब्जे से दो रास भैंस दो रास पडिया एवं एक गाय कीमती 63000/ रूपये बरामद कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय द्वारा आरोपीगणों को न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल मुंगेली भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक सुशील कुमार बंछोर, सउनि राजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्र. आर. नीरज नेताम एवं फागूलाल गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।

# आक्रोशित नागरिकों ने शहर में पैदल मार्च कर सौपा ज्ञापन

## पुलिस ने दो दिन में दिया कार्रवाई का आश्वासन

**कोरबा।** कोरबा अंचल में सामाजिक कार्यकर्ता और मिशन रोड स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालक आनंद रैकवार के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर व्यापारी और सामाजिक संगठन ने आरोपियों के विरुद्ध अत्यंत कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए पुराना बस स्टैंड से कोतवाली थाना तक पैदल मार्च निकाली। इस दौरान कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। सरस्वती शिशु मंदिर पुराना बस स्टैंड में इस विषय को लेकर बैठक रखी गई। चेम्बर ऑफकामर्स के साथ ही जेसीआई कोरबा, लायंस क्लब, राजपूत क्षत्रिय समाज, गुजराती समाज, जैन समाज, अग्रवाल सभा एवं कोरबा




कोसाबाड़ी उप नगर के पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे। बैनर पोस्टर के साथ इन लोगों ने पुलिस थाना तक प्रदर्शन किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। कोतवाली थाना परिसर का घेराव करने के साथ व्यापारियों ने थाना प्रभारी रूपक शर्मा को अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि मुलाहिजा की रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों पर एक दो दिन में ही सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

# डांडिया मैदान में 4 व्यक्तियों पर हत्या करने का दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**कोरबा।** कोरबा नगर में लगभग 1 साल पहले दशहरा की पूर्व रात्रि डांडिया मैदान में हुए विवाद के बाद तुरंत बदला लेने के लिए एक युवक की 4 व्यक्तियो द्वारा चाकू और बेलचा से मारकर हत्या कर देने के मामले में न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपियों को उम्रकैद की सजा से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बालको नगर थाना अंतर्गत सेक्टर-3 के डांडिया मैदान में 4 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे बालको निवासी की हत्या कर दी गई थी। डांडिया मैदान में मौजूद 4 व्यक्ति द्वारा चाकू एवं बेलचा



से मारपीट कर हमला कर हत्या को अंजाम देने का आरोप लगा था। उक्त प्रकरण में बालको पुलिस ने अपराध आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामला विचारण हेतु अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) पीठासीन अधिकारी ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में पेश किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन ने आरोपीगणों के विरूद्ध मामला प्रमाणित करने में सफलता हासिल की। परिणाम स्वरूप न्यायालय द्वारा आरोपियों को दोषी पाते हुए विभिन्न धाराओं में सजा से दंडित किया गया।

## बंगुरसिया मार्ग में फिर सड़क में आए जंगली हाथी

**रायगढ़।** शहर से लगे रायगढ़ रेंज वन मंडल क्षेत्र के बंगुरसिया सर्किल में इन दिनों हाथियो के दल की आवाजाही लगातार बन रही है। इस बीच रविवार को शाम लगभग 4 बजे के आसपास उस वक्त हड़कंप मच गया जब हाथियों का दल सड़क पार करते हुए नजर आए। मुख्य मार्ग में इस स्थिति को देखते हुए वाहनो के पहिए कुछ देर के लिए थम गए। लोग स्वयं एवं वन्य जीव के सुरक्षा के मद्देनजर दूर से उक्त वस्तु स्थिति का नाजारा भय के साथ लेते रहे।

# राष्ट्रीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने कुम्हारी के पावर लिफ्टर्स ने किया गोवा प्रस्थान



**कुम्हारी।** बहु प्रतिष्ठित जय हनुमान व्यायामशाला के प्रशिक्षक प्रदीप झा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नगर के छह प्रतिभाशाली युवा जूनियर पावर लिफ्टर्स विवेक शाह एन.साई कार्तिक,थानेश्वर धीवर (बिल्ला), देव कुमार, काजल सिंह एवं खुशी सिंह आदि गोवा रवाना हुए। ज्ञातव्य हो कि विगत माह पूर्व राज्यस्तरीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बनी खुशी सिंह के साथ नगर भी गौरवान्वित हुआ था इसी प्रकार इस राष्ट्रीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक के प्रति सभी युवा प्रतिभाओं से नगर के साथ प्रदेश भी आशान्वित है।

# सीएचसी बागबाहरा फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 26 मरीजों का निःशुल्क दवाई के साथ उपचार किया गया

**महासमुन्द।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सी पी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया 26 मरीज को निदान किया, सायकोसिस 9, डिप्रेशन 6, एनजायटी 2, ऐल्कोहल विथड्रॉल 2, जीएडी 3, सोमेटो फॉम 1, आर्गेनिक 1, बिहेबियरल डिसऑर्डर 2 निःशुल्क दवाई के साथ मनो



सामाजिक परामर्श दिया गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा बीएमओ डॉ बी एस ,बढ़ाई बीपीएम हेमकुमार सोनकर एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा. शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे सेकेट्रिक सोशल वर्कर, गौतम यादव सेकेट्रीयल असिस्टेंट टीम उपस्थित थे.

## दो उप अभियंता और पोलमी सरपंच से होगी दो लाख 60 हजार रुपये से ज्यादा की वसूली

**कोरबा।** कोरबा जिले के जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पोलमी में तत्कालीन सरपंच एवं दो उप अभियंता के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 04 सीसी रोड निर्माण में 2 लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक का भुगतान किए जाने पर संबंधितों से उक्त राशि वसूली किए जाने का आदेश न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पाली ने पारित किया है। ग्राम पंचायत पोलमी में वर्ष 2016 में तत्कालीन सरपंच रामकुमार नेटी के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत 04 सीसी रोड निर्माण में 2 लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक भुगतान किए जाने पर वसूली की कार्यवाही।

# हड़ताल को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन ने आवाज बुलंद करते हुए कोरबा, कुसमुंडा, दीपका एरिया में किया जन-जागरण

**कोरबा।** कोयला कर्मियों के 11वां वेतन समझौता के अनुमोदन को जबलपुर उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है। ऐसे में कोयला कर्मियों के बढ़े दर पर वेतन भुगतान में तलवार लटकने लगी है। वेतन वृद्धि में कटौती होने पर कोल सेक्टर में तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया गया है। संयुक्त ट्रेड यूनियन के इस चेतावनी के बाद जिले की खदानों में कर्मियों को एकजुट करने जन-जागरण किया जा रहा है। इस कड़ी में कोरबा, कुसमुंडा और दीपका एरिया में कर्मियों को हड़ताल के लिए तैयार किया गया। कोल इंडिया में अक्टूबर में प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर पांचो श्रम संगठन द्वारा जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एसईसीएल के कोरबा, कुसमुंडा, दीपका क्षेत्र के खदान परिसर में बीएमएस, सीटू, इंटक, एटक और एचएमएस के पदाधिकारियों ने कर्मियों को वेतन कटौती के खिलाफ लामबंद हो जाने



की अपील की। पूर्व में 11वां वेतन समझौता कोल इंडिया, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन तथा पांच राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के बीच संपन्न हुआ था। समझौते के उपरांत माह जुलाई, अगस्त के वेतन का भुगतान अगस्त, सितंबर में किया गया। तदुपरांत कुछ अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय कोयला 11वां वेतन समझौता में कर्मचारियों को अधिकारियों से अधिक वेतन देने संबंधी याचिका दायर की गई है। जिसके बाद 14 सितंबर 2023 को पांचो श्रम संगठन की संयुक्त बैठक दरभंगा हाउस, रांची (झारखंड) में संपन्न की गई। जिसमें संयुक्त रूप से पांचो श्रम संगठन के प्रतिनिधियों ने यह निर्णय लिया कि यदि प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को राष्ट्रीय कोयला 10वां वेतन समझौता के आधार पर सितंबर का वेतन अक्टूबर में किया गया तो पूरे कोल इंडिया और एसईसीएल के सभी क्षेत्र व इकाइयों में 5 से 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। जिसे लेकर शनिवार को कोरबा, कुसमुंडा, दीपका क्षेत्र के खदान परिसरों में पांचो श्रम संगठन की संयुक्त मोर्चा के तहत कर्मचारियों के बीच द्वारा सभा के माध्यम से जन जागरण का कार्यक्रम किया गया।

# 3 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट पर 'घेरा डालो-डेरा डालो' के साथ घेराव करेगी किसान सभा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा तथा भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ ने एसईसीएल के क्षेत्र में काबिज भू-विस्थापितों को पट्टा देने, पूर्व में अधिग्रहित भूमि मूल खातेदार किसानों को वापस करने, लंबित रोजगार प्रकरणों, पुनर्वास एवं खनन प्रभावित गांवों की समस्याओं के निराकरण करने की मांग पर 3 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट पर "घेरा डालो-डेरा डालो" आंदोलन करते हुए घेराव करने का फैसला किया है। इस संबंध में कलेक्टर के नाम 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है। माकपा के जिला सचिव प्रशांत झा ने बताया कि जिला प्रशासन की मदद से एसईसीएल द्वारा कुसमुंडा, गेवरा, कोरबा, दीपका क्षेत्र में कई गांवों का अधिग्रहण किया गया है। इस अधिग्रहण का शिकार गरीब किसान हुए हैं। आज भी हजारों लोग भू-विस्थापित पट्टा, जमीन वापसी, रोजगार, बसावट और मुआवजा के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे है।




अधिग्रहण के बाद जिन जमीनों पर 40 सालों में भी कोल इंडिया ने भौतिक कब्जा नहीं किया है और मूल किसान ही पीढ़ियों से काबिज है, उन्हें किसानों को वापस किया जाना चाहिए। जब किसानों की जबरन अधिग्रहित भूमि पर काबिज लोगों को पट्टे दिए जा रहे हैं, तो पुनर्वास गांवों के हजारों भू-विस्थापित किसानों को पट्टों से वंचित रखना समझ के परे हैं। किसान सभा नेता जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, जय कौशिक, शिवदयाल कंवर, देवकुमार पटेल, विजय कंवर, बसंत चौहान, राजू यादव, सुभद्रा कंवर, देव कुंवर कंवर,पवन यादव आदि ने भू-विस्थापितों की समस्याओं के लिए जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन दोनों को ही जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि कुसमुंडा में जमीन के बदले रोजगार की मांग को लेकर 692 दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है और समस्याओं की ओर कई बार प्रशासन और प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन भू-विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण के प्रति कोई भी गंभीर नहीं है। कोयला की दो दिनों तक आर्थिक नाकेबंदी के बाद त्रिपक्षीय वार्ता को टालने के काम भी उन्होंने किया है। इसलिए अब कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

## बडी संख्या में अंचल की महिलाये शामिल हुई

# विधानसभा स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन लोरमी के मानस मंच में

**मुंगेली।** विधानसभा स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन लोरमी के मानस मंच में जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया । इस अवसर पर बडी संख्या में अंचल की महिलाये शामिल हुई । ज्ञात हो महिलाओ के सम्मान में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया गया, जिसमें बडी संख्या में मितानिन, आंगनबाडी की कार्यकर्ताए, विहान समुह की महिलाएं,शिक्षिकाए सहित बडी संख्या में महिलाए उपस्थित रही । कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज की महिलाए आत्मनिर्भर बन रही है प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं को सम्मान के साथ जीवन जीने और आर्थिक रूप से सक्षम बनने की दिशा में बडा योगदान दिया है। इस



अवसर पर उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का ही परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्रो की महिलाए स्वसहायता समूह के माध्यम से अपनी आजिविका बेहतर ढंग से चला रही है। गौठानो में चल रहे रीपा योजना जिसके माध्यम से आज महिलाओं को रोजगार मिला है । सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि अभिव्यक्ति ऐप - महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शासन द्वारा ष्अभिव्यक्तिष् महिला सुरक्षा ऐप विकसित किया है, जिसका शुभारंभ 01 जनवरी 2022 को किया गया है।अभिव्यक्ति जन-जागरूकता अभियानः- महिलाओं को कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में जागरूक करने हेतु अभिव्यक्ति जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।महिला विरुद्ध अपराध अनुसंधान इकाई - राज्य के 06 जिलों में प्ब्ॅ का गठन किया गया है।महिला थाना - राज्य के 04 जिलों में पृथक से महिला थाना संचालित है। थाना स्तर पर महिला सेल - राज्य के समस्त 455 पुलिस थानों / चैकी में महिला सेल का गठन किया गया है। जिला स्तर पर महिला प्रकोष्ठ - महिलाओं से संबंधित प्रकरणों एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तर पर महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है । सीसीटीव्ही कैमरा - सार्वजनिक स्थानों में लगभग 50,000 सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं । पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना - यौन उत्पीड़न / अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं / उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना - 2018 राज्य में लागू है, जिसमें अधिकतम 10 लाख रूपये तक राहत राशि दिये जाने का प्रावधान है। महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ किया जाएगा तथा महिला स्व-सहायता समूहों को धोखाधड़ी से बचाने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सख्त नियम बनाए जाएंगे । स्व सहायता समूहों का 12.77 करोड़ रूपए का कालातीत ऋण माफ राज्य की 27 लाख महिलाएं 2,50,853 बिहान समूहों से जुड़ी साढ़े चार साल में 1,68,181 समूहों को 3081 करोड़ रू का बैंक ऋण प्रदत्त योजनाएं है जो महिलाओं से जुडी है। इस अवसर पर उन्होने महिलाओं का सम्मान करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए बहन का फर्ज अदा करते हुए लगभग दस हजार महिलाओं को साडियों वितरण किया।

# भाजपा कार्यालय में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात : सुनील रामदास



**रायगढ़।** भाजपा के जिला कार्यालय में मन की बात सुनने के लिए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील रामदास ने संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित नव मतदाताओं को आमंत्रित किया। उनके आमंत्रण पर सैकड़ों की संख्या में नव मतदाता व भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण ने मोदी द्वारा संचालित होने वाला सुप्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात को सुनी। मन की बात में आज का प्रमुख विषयवस्तु-मोदी जी ने मन की बात में बापू के विचारों की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि जी - 20 सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं द्वारा राजघाट पहुंचकर, उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। यह उनके विचारों की समाज में प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश के सम्भल में 70 गांवों के लोगों द्वारा अपनी भागीदारी से नदी को पुनर्जीवित करने वाले उल्लेखनीय कार्य का उल्लेख किया और उसके माध्यम से सामूहिक प्रयासों से होने वाले बदलाव पर जोर दी।

## सार-समाचार

### एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी

**रायगढ़।** भारत के 2023 ग्रैंड प्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए मोटो जीपी ξ भारत के उद्घाटन में मोबिलξ भारत में रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर कर रहा है। एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए, दो सवारों - ऑस्ट्रेलियाई जैक मिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर द्वारा एड्रेनालाईन-पंपिंग प्रदर्शन, जिनके लिए जीतना एक स्वभाव है, जिन्होंने वैश्विक सर्किट स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है, दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिलξ द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालितकरेंगे। उन्होंने हाल ही में जेपी ग्रीन्स में आयोजित मोबिल कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया,जहाँ जैक मिलर ने मोबिल सुपर मोटोξ10ω-30 को लॉन्च किया था।सिद्ध इंजन सुरक्षा, लंबा इंजन जीवन और बेहतर ईंधन किफायत के साथ, मोबिल सुपर मोटोξ10ω-30 बिल्कुल वही है जो देश भर में रोजमर्रा के सवारों को चाहिए। इसके अलावा, उत्पाद पैकेजिंग में अब इसके लेबल पर रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम का लोगो होगा।

### अमेज़ॉन ने भारत के विक्रेताओं, रिटेलर्स, ब्रांड्स और निर्माताओं के लिए मल्टी चैनल फुलफिलमेंट लॉन्च किया

**रायपुर।** Amazon.in ने आज भारत में मल्टी-चैनल फुलफिलमेंट (एमसीएफ) के लॉन्च की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, विभिन्न उद्योगों के डी2सी ब्रांड, निर्माता और खुदरा विक्रेता अपने पूर्ति कार्यों में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और अमेज़ॅन की अखिल भारतीय उपस्थिति, अत्याधुनिक पूर्ति केंद्रों और लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का लाभ उठाकर अपनी स्वयं की वेबसाइट्स, सहित विभिन्न बिक्री चैनल्स के जरिए ग्राहक ऑर्डर को संभालकर असाधारण गति एवं सुविधा के साथ निर्बाध फुलफिलमेंट के माध्यम से अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान कर सकते हैं। एमसीएफ के माध्यम से, अमेज़ॅन ने ग्राहक ऑर्डर पूर्ति को सर्वसुलभ बनाया है और विक्रेताओं को भारत के 100त्न सेवा योग्य पिन कोड (20,000+ पिन कोड) के अमेज़ॅन के व्यापक कवरेज का लाभ उठाकर भारत में उनकी बाजार पहुंच का विस्तार करने में सक्षम बनाया है, जिससे नए व्यापार के अवसर खुल सकें। एमसीएफ ने विक्रेताओं के लिए अपने ऑफ-अमेज़ॅन शॉपर्स के लिए ऑर्डर तैयार करना, उन्हें ट्रैक करना और टैक्स चालान तैयार करना आसान बना दिया है, जबकि तेज शिपिंग और तेज़ डिलीवरी भी सुनिश्चित की है। इसने विक्रेताओं के लिए पूर्ति प्रक्रिया को सरल बनाया है, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाया है, और अधिक बिक्री के अवसर प्रदान किए हैं। एमसीएफ के साथ, विक्रेता अपने ऑफ-अमेज़ॅन ऑर्डर को स्वचालित कर सकते हैं, इस प्रकार जटिलताओं को दूर कर सकते हैं और संपूर्ण ऑर्डर पूर्ति प्रक्रिया को सरल बना सकते हैं। विक्रेताओं को अमेज़ॅन द्वारा पूर्ति से भी लाभ होगा - यह एक लचीला, किफायती और स्केलेबल भंडारण और पूर्ति समाधान है जिसमें इनबाउंड परिवहन, लेबलिंग, भंडारण, ऑर्डर प्रबंधन, पिक-पैक और शिपिंग सेवाएं जैसी कई सेवाएं शामिल हैं जो विक्रेताओं को परिचालन को सुव्यवस्थित करने और दक्षता को अधिकतम बनाने में सक्षम बनाती हैं।

### केन्द्रीय विद्यालय मुजगहन में मैदान समतलीकरण, बास्केट एवं बास्केट बोर्ड निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**धमतरी।** केन्द्रीय विद्यालय मुजगहन (धमतरी) में ग्राम पंचायत सरपंच श्री चद्रशेखर साहू, उपसरपंच श्री लखन लाल सिन्हा, श्री रिखीराम साहू, श्री डोमार नाग, श्री ईश्वर सिन्हा, श्री मुरारी सिन्हा, श्रीमती कुंती साहू, श्रीमती विशाखा अग्रवाल, श्रीमती कलिन्द्री साहू, श्रीमती चुम्मन सिन्हा, प्राचार्य श्री पी.एल. साहू, स्नातक शिक्षक खेल शैलेन्द्र कुमार पांडेय, ग्राम पंचायत सचिव श्री संतराम ध्रुव एवं ग्रामीण श्री रूपचंद यादव, राजेन्द्र सेन, लीलेश यादव की उपस्थिति में जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत मैदान समतलीकरण, बास्केट एवं बास्केट बोर्ड निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य बहुप्रतिक्षित थी। उक्त निर्माण कार्य के लिए राशि 09 लाख 98 हजार रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। निर्माण कार्य की भूमि पूजन होते ही ग्राम पंचायत एवं केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### नगरी में प्री मेडिकल और प्री इंजीनियरिंग कोचिंग क्लास का शुभारंभ

**नगरी।** स्वामी आत्मानंद कोचिंग क्लास योजना का शुभारंभ शासकीय श्रृंगी ऋषि आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नगरी में विगत 25 सितंबर 2023 को रामू लाल साहू बीआरसी नगरी के निर्देशन में हुआ। इस कोचिंग सेंटर 2023 24 में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान पर विषय विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग दी जा रही है।

नवरात्र की तैयारी को लेकर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने टेंपल स्टेट कमेटी की ली बैठक

# दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी शुरू

**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )।** आगामी अक्टूबर माह में शुरू होने वाले नवरात्र पर्व की तैयारी दंतेश्वरी मंदिर में शुरू कर दी गई है। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर बस्तर की आराध्या देवी माई दंतेश्वरी के दंतेवाड़ा स्थित शक्तिपीठ प्राचीन मंदिर में लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, पदयात्रियों एवं पर्यटकों को सुविधा देने के लिए एवं तैयारी को लेकर टेंपल स्टेट कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में हुई बैठक विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय गए। बैठक में नवरात्रि पर्व के अवसर पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था, पेयजल एवं साफ सफाई व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।




बैठक में जानकारी दी गई कि नवरात्रि के लिए 15 सुविधा केंद्र बनाए जाएगे। जिसमें जावंगा, फरसपाल, पनेड़ा, गीदम, कारली, ऑवराभाटा सहित अन्य स्थानों शामिल किया गया है। नवरात्र के दौरान वाहन पार्किंग के लिए मुख्यालय में 5 जगह का चिन्हांकित किया गया। इसके साथ ही नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर परिसर में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था के संबंध में, जूता-चप्पल रखने की व्यवस्था के संबंध में, नवरात्रि पर्व के सफल सम्पादन हेतु समिति का गठन और पदयात्रियों की सुविधा हेतु जिला बस्तर, सुकमा, बीजापुर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा दशहरा पर्व में माई जी पालकी ले जाने हेतु एक-चार के गार्ड की व्यवस्था, दशहरा पर्व हेतु वाहन एवं डीजल की व्यवस्था के संबंध में, आंवराभाटा में माई जी के विश्राम स्थल में जिया डेरा हेतु भवन में व्यवस्था, नवरात्रि पर्व में दुकान हेतु स्थल का चयन एवं आबंटन के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विमल सुराना, मंदिर के जिया लोकेन्द्र नाथ जिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, तहसीलदार हुलेश्वर नाथ खुटे सहित मंदिर के पुजारी, सेवादार सहित मंदिर समिति के सदस्य और क्षेत्र के विभिन्न समाज प्रमुख तथा अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी की मूल में भ्रष्टाचार, संवैधानिक संस्थाओं को कर रही है तहस नहस - रामू नेताम

**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने अपने हर विभाग में किए अपने अनगिनत भ्रष्टाचार से प्रदेश के युवाओं के भविष्य पर ग्रहण लगा दिया है और मुख्यमंत्री गांधी परिवार के मुनीम की तरह कार्य कर रहे हैं ।



उपरोक्त बातें जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है ।

जारी विज्ञप्ति में जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने कहा है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में इस कदर लिप्त है कि दिव्यांगों तक को नहीं छोड़ रही है और अपने चहेतों को फर्जी दिव्यांग बनाकर उन्हें नौकरी दे रही है ।

रामू नेताम ने कहा विगत दिनों प्रदेश के दिव्यांग संघ ने कांग्रेस सरकार में फर्जी दिव्यांग बनकर नौकरी कर रहे लोगों को सूची जारी की है जिसमें ,कांग्रेस सरकार के उन भ्रष्ट कर्मचारियों के नाम हैं जिन्होंने कांग्रेस सरकार की मदद से फर्जी दिव्यांग बनकर नौकरी हासिल की है।

रामू नेताम ने कहा कि जब ष्टत्र क्कस्ष्ट जैसी संवैधानिक संस्था कांग्रेस के भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं है तो विचार कीजिए जो तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों में कांग्रेस ने कैसा भ्रष्टाचार किया होगा।

मंडल महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार में कांग्रेसी नेताओं और इनके चहेते कर्मचारियों के बेटे बेटी और बहुओं को नौकरी मिली है ,आम जनता को इस सरकार ने गोबर बिनने की नौकरी दी है।

रामू नेताम ने सीधे मुख्यमंत्री को इस भ्रष्टाचार का सरगना बताते हुए कहा कि प्रदेश के हर छोटे बड़े भ्रष्टाचार के पीछे मुख्यमंत्री का हाथ है उन्हें मुख्यमंत्री बने रहने के लिए एक बड़ी रकम दस जनपथ को लेवी के रूप में देनी पड़ती है और इसलिए वो प्रदेश के युवाओं का भविष्य और प्रदेश के संसाधन को भ्रष्टाचार के जरिए बर्बाद कर रहे हैं।

रामू नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ ने मुख्यमंत्री को फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाकर नौकरी करने वालों को सूची नाम के साथ सौंपी है जिसमें दंतेवाड़ा जिले में नौकरी कर रहे एक अधिकारी का नाम भी है ,परन्तु मुख्यमंत्री अपने ही विरुद्ध कैसे जांच करेंगे इसलिए दिव्यांग जनों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।

चुनाव निकट है और जनता ने मन बना लिया है इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का ,भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुई हर नियुक्ति की जांच कराई जायेगी ।

रामू नेताम,जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री,जिला दंतेवाड़ा

## मुसुरपुट्टा में प्रतिभावन छात्रों का हवाई सफर



अशोक जैन की क़लम से

**-कांकेर ।** जिला के दुरस्त अंचल मे बसे एक छोटा सा गांव मुसुरपुट्टा का अभिनव पहल पिछले 2013 से लगातार गांव के 10 वी, 12वी के टापर बच्चों को हवाई जहाज से सफर करवाते है। इसी के तहत गांव मुसूरपुट्टा के 10 वी,12वी के प्रतिभावान छात्रायें कु खुशबु साहू, एवं कु भूमिका साहू को परिवार के सदस्यों के साथ मुंबई, अहमदाबाद, सोमनाथ, द्वारिका धाम, आदि ऐतिहासिक जगहों एवं गिर नेशनल पार्क का भ्रमण हवाई जहाज से कराया जा रहा है।

भ्रमण में रवानगी से पूर्व कांकेर कलेक्टरकार्यलय से अपर कलेक्टर श्री अहीरवार जी, एडीएम प्रखर चंद्राकर जी, जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल जी , सयुक्त कलेक्टर आस्था बोरकर जी , एसडीएम श्री मनीश साहू जी, डीएमसी दीनेश नागजी, बीआरसी देवकरण भास्कर जी, पूर्व सैनिक भीखम साहू एवं अन्य अधिकारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देकर 25 सितंबर को रवानगी किया गया.. बतादे की ग्राम मुसुरपुट्टा में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को हर वर्ष शैक्षणिक भ्रमण में भेजा जाता है, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ ङ्कसाथ उनके पालक और अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि के शामिल होते हैं ।

इस वर्ष भ्रमण में भ्रमण प्रतिनिधि के रूप में श्री दीनानाथ नेताम (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक) और श्री अरविंद भारती के अगुवाई में यह शैक्षणिक भ्रमण पूरा होगा।

## भूपेश बघेल को काम नहीं, सिर्फ नाम चाहिए - अजय चंद्राकर

**धमतरी।** पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि भूपेश बघेल सरकार ने मुख्यमंत्री आवास न्याय के नाम का नया ढोंग रचा है, अपने नेता को बुलाकर प्रदेश की जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं कि गरीबों के लिए 7 लाख मकान बनाए जायेंगे। जो मुख्यमंत्री प्रदेश के गरीबों को पक्का मकान से वंचित रखा, जिनके कच्चे मकान बारिश में ढह गए, ऐसे सभी पीड़ित परिवार भूपेश सरकार को सबक सिखाएंगे। पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने धमतरी के बठेना समेत अन्य वार्डो के रहवासियों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलने पर शहर सरकार और प्रदेश की भूपेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि रोजी मजूदरी का अपना पालन पोषण कर रहे वार्डो के अधिकांश गरीब मजदूर तबके के लोग कच्चे मकानों में ही जैसे तैसे गुजर बसर कर रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे गरीब तबके के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी ताकि उनके पास खुद का अपना आशियाना हो, मगर प्रदेश की भ्रष्ट और घोटालेबाज सरकार ने इन गरीब तबके के लोगों का सपने को चकनाचूर कर दिया। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार की ग्रामीण आवास योजना को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास योजना के नाम पर 30 हजार हितग्राहियों को केवल स्वीकृति पत्र दिया गया है, 47 हजार पक्का मकान देने के लिए 1 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। एक पक्का मकान बनाने के लिए मात्र 21 हजार रुपए दिए जाएंगे, इतने पैसे में पक्का मकान कैसे बनेगा? यह न्याय योजना भी मकान बनने की आस लगाए गरीब भाइयों के साथ फरेब है। राहुल गांधी के हाथों 1 लाख ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त बंटवाई गई है, जब सरकार अंतिम सांसें गिन रही है उस समय अपनी विफलता छुपाने लीपापोती करने में लगी है। जनता भूपेश सरकार की झूठ और फरेब को समझ चुकी है। यह घोषणा भी पिछले चुनाव के पहले संकल्प पत्र में किए गए झूठे वादे की तरह ही है जो चुनाव के समय की गई है। जब केंद्र की मोदी सरकार ने 16 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए, निर्माण के लिए पैसा दिया, तब यह आवास क्यों नहीं बनाए? गरीब जनता को आवास से वंचित करके क्यों रखा? चुनाव से पहले यह मकान बनाने की घोषणा क्यों कर रहे हैं? भूपेश बघेल केवल नाम चाहते हैं। पौने पांच साल में न तो उन्होंने कोई काम किया है और न कोई काम करना चाहते हैं। उन्हें चुनाव के वक्त गरीबों के आवास याद आ रहे हैं।

## थाना कुआकोण्डा क्षेत्र से एक माओवादी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (भारत भास्कर )** पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर सुन्दरराज पी0,उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कष्यप दन्तेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि0) सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज विकास कठेरिया,के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय , कमाडेण्ट सुरेन्द्र सिंह 231 वीं बटालियन सीआरपीएफ, द्वितीय कमान अधिकारी मुनीष कुमार 231 वीं बटालियन सीआरपीएफ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा राम कुमार बर्मन, के निर्देषानुसार जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् दिनांक 26.09.2023 के दरिम्यानी रात्रि यूआईसी 231 वीं वाहिनी सीआरपीएफकी आसूचना पर जिला दन्तेवाड़ा से डीआरजी, बस्तर



फाईटर्स, मुख्यालय 231 वीं बटालियन क्यूएटी टीम एवं थाना कुआकोण्डा का संयुक्त बल ग्राम फुलपाड़ कोयलानपारा एवं डोमारपारा के जंगल/पहाड़ी की ओर नक्सल गशत, सर्चिंग हेतु रवाना हुये थे कि नक्सल गशत, सर्चिंग के दौरान ग्राम फुलपाड़ डोमारपारा के जंगल/पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर 01 संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगा। जिसे पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकडे गये संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम लिंगा लेकाम पिता स्व0 देवा लेकाम उम्र लगभग 24 वर्ष जाति माड़िया निवासी फुलपाड़ डोमारपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा फुलपाड़ सीएनएम सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। उपरोक्त माओवादी के विरूद्ध थाना कुआकोण्डा में अप. क्र.-23/2016 धारा 147, 148, 149, 456, 365, 346, 386, 307 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट पूर्व से पंजीबद्ध होने से उक्त माओवादी को आज दिनांक 27.09.2023 को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## सरोना क्षेत्र के 45 युवा एवं भाजपा कार्यकर्ता ने थामा कांग्रेस का दामन- विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने किया स्वागत

अशोक जैन

**कांकेर।** जैसे जैसे चुनाव नज़दीक आता जा रहा वैसे वैसे सरोना क्षेत्र में कांग्रेस की सक्रियता बड़ती जा रही वही लोगों का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ में विकास कार्य एवं

किसानों के प्रति अच्छी सोच को देखकर एवं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक केंद्रीय जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष शंकर धुर्वा विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस जिला महामंत्री अब्दुल गफ्फार मेंमन के प्रति विश्वास भी बड़ता जा रहा इस बात का प्रमाण सरोना क्षेत्र के उपसरपंच एवं कांग्रेस नेता पुष्कर साहू एवं गोठान

समिति अध्यक्ष दिनेश सहारे के प्रयास से ग्राम धनेशरा सरोना सालेभात की 45 युवा व महिलाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में प्रवेश लिया है सरोना मंडी परिसर में कांकेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी पूर्व



विधायक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष शंकर धुर्वा विधायक प्रतिनिधि अब्दुल गफ्फार मेमन ने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी के गमछा एवं तिलक लगाकर स्वागत किया इस अवसर पर सरोना उपसरपंच एवं कांग्रेस नेता पुष्कर साहू गोठान समिति अध्यक्ष दिनेश सहारे ने नव प्रवेशी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी से जिसे भी टिकट मिले हमें कांग्रेस पार्टी के लिए काम करना है एवं कांकेर विधानसभा में कांग्रेस का विधायक बनाना है इस अवसर परहजारों संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे उल्लेखनीय है कि पूर्व सरोना भाजपा मंडल महामंत्री गोवर्धन जैन मैं अपने क्षेत्र अभनपुर भिरोद हजारों समर्थकों के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सलाहकार राजेश तिवारी एवं पूर्व कृषि अधिकारी कांग्रेस नेता सरजू राम सोरी के समक्ष अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया था इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा सरोना भाजपा मंडल में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का पुछ परख नहीं होती इसी के चलते लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जा रहे हैं उन्होंने कहा कि सरोना भाजपा मंडल कुछ ही कार्यकर्ताओं की पार्टी बन कर रह गई है

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से मारपीट, ससुराल पक्ष के खिलाफजुर्म दर्ज

**रायपुर।** श्यामनगर कृष्णा मंदिर के पास ससुराल पक्ष के चार लोगों ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मोनिका पांडे 19 वर्ष श्यामनगर कृष्णा मंदिर के पास ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पति आकश पांडे व ससुर संजय पांडे सहित अन्य दो लोगों ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था ट्रक

**रायपुर।** फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ट्रक चलाते हुए चालक को उरला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज सिंह 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रक चालक अपने ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट एमएच 27 बीएक्स 4551 को लगाकर चला रहा है। जिससे पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ धारा 473 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैसा नहीं देने पर युवक को पीटा

**रायपुर।** बाजार चौक अछोली में शराब के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छवि जंघेल 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी खिल्लू निषाद ने प्रार्थी से शराब के लिए पैसा मांगा। नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 327 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बस से महिला यात्री की पर्स पार

**रायपुर।** भाठागांव चौक के पहले बस में एक महिला यात्री की पर्स पार हो गई। पर्स में 90 हजार रुपए के जेवर रखा था। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया उषा देवी सोनकर 42 वर्ष रावणभाठा मठपुरैना की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया पारागांव से रायपुर के लिए बस में सवार हुई थी। तभी भाठागांव चौक के पहले अज्ञात चोर ने महिला का पर्स पार कर दिया। चोरी गए पर्स में सोने का हार, लॉकेट, मंगलसूत्र था, जिसकी कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर।** धरनास्थल को छोड़कर आम रोड पर प्रदर्शन करने वाले लोगों के खिलाफ अभनपुर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी संतोष खांडेकर व अन्य ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन स्थल को छोड़कर ग्राम तूता-अभनपुर मार्ग में प्रदर्शन कर आवागमन अवरूद्ध किए। जिससे प्रार्थी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ धारा 341, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आरंग पुलिस ने अवैध रूप से डीजल रखे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 लीटर डीजल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि आरंग कॉलेज चौक स्थित रिंकू होटल के पास एक युवक अवैध रूप से डीजल रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी जगदीश धीवर 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 नीले रंग के जरिकेन में रखे 40 लीटर डीजल जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 3800 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**रायपुर।** मंदिरहसौद बस स्टेण्ड चौक के पास ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक में सवार महिला की मौत हो गई। वहीं उसके पति व दो बच्चों को चोट आई है। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेनकपाट निवासी ललित कुमार हिरवानी अपनी पत्नी वीणा बाई व दो बच्चों को लेकर बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवाई 2629 से अपने गांव लौट रहा था, तभी बस स्टेण्ड चौक के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 सीडी 2925 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दिया।

दूरस्थ आदिवासी अंचलों के विकास पर सर्वाधिक फोकस

# साकार हो रहा है,नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल...

■ मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7300 कार्यों का लोकार्पण

रायपुर/ संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 26 जिलों में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7300 कार्यों का एक साथ लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन कार्यों में से 2668 करोड़ रूपए की लागत के 3978 कार्यों का लोकार्पण, 2805 करोड़ रूपए की लागत के 2692 कार्यों का भूमिपूजन और 606 करोड़ रूपए की लागत के 630 कार्यों का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प साकार हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास और निर्माण के कार्यों के साथ-साथ किसानों, मजदूरों, लघु वनोपज संग्राहकों सहित सभी वर्गों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की अभिनव योजनाओं और नवाचारों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। आज जिन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ है, उनमें सूरजपुर, दंतेवाड़ा, बलरामपुर जैसे जिलों में सर्वाधिक काम हुए हैं। दूरस्थ अंचलों पर ज्यादा फोकस किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता आम जनता की आय में वृद्धि कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है, इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। छत्तीसगढ़ में किसानों को धान, कोदो, कुटकी, रागी, गन्ना सहित विभिन्न उपजों का सबसे ज्यादा मूल्य मिल रहा है। देश के तीन चौथाई लघु वनोपज का संग्रहण छत्तीसगढ़ में किया जाता है। तेंदूपत्ता की सबसे ज्यादा कीमत यहां मिल रही है। आवासहीनों को घर की छत दिलाने के लिए कल एक नयी योजना छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत 7 लाख आवासहीनों को पहली किस्त के रूप में 25-25 हजार रूपए की राशि दी गयी है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में नये 47 हजार पात्र लोगों को तथा श्रमिकों को भी आवास निर्माण के लिए राशि दी गई है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किये गए है। अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को मजबूत बनाने का काम किया गया है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में चहुंमुखी विकास को गति मिले। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सभी वायदे पूरे किए हैं। सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनायी गई। अधोसंरचना विकास के लिए पांच वर्षों में सड़क, पुल-पुलिया बनाने के कार्य बड़े पैमाने पर हुए है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि विकास के कार्यों में राज्य सरकार ने राशि की कमी नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, वे जल्दी प्रारंभ किए जाए।

# छत्तीसगढ़ राज्य बहुत तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर हो रहा अग्रसर

■ जिला एक निर्यात केन्द्र बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ राज्य में जिला को निर्यात केन्द्र बनाने के लिए आज एक निजी होटल में भारत सरकार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफ्टी) एवं जिला प्रशासन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश कुमार मिश्रा और विदेश व्यापार नागपुर के अपर महानिदेशक डॉ.व्ही.श्रमन की अध्यक्षता में किया गया। डीजीएफ्टी नागपुर के अंतर्गत 49 जिले शामिल है। इनमें महाराष्ट्र के 12 और मध्यप्रदेश के 04 और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों को एक निर्यात केन्द्र में बदलने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिला पंचायत रायपुर के सीईओं श्री अबिनाश मिश्रा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा के नाम से जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में किसान धान की पैदावार करते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बहुत तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। रायपुर में भी पहले की अपेक्षा वर्तमान में व्यापार में तेजी आई है और बड़े बाजार के रूप में उभर कर रायपुर आगे बढ़ रहा है। राज्य में भी चावल के साथ स्टील, एल्युमिनियम, लोहा के साथ वन संपदा भरपूर मात्रा में पाई जाती है अब विदेशों से भी इसकी मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को औद्योगिक रूप के साथ आगे बढ़ाने के साथ ही छोटे एंव मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि लोगों को स्थानीय स्तर बेहतर रोजगार मिल सके। कार्यशाला का उद्देश्य है कि राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करके बढ़ावा दिया जाए।व्ही. श्रमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्यात को बढ़ावा।

# एटीएम से अचानक ज्यादा राशि निकासी पर भी रहेगी नजर.......

■ हवाई जहाजों से आने वाले लोगों की रायपुर एयरपोर्ट पर रेंडम चेकिंग भी होगी

■ पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए कलेक्टर डॉ. भुरे ने ली बैठक, दिए निर्देश

रायपुर। संवाददाता

पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से आगामी विधानसभा निर्वाचन कराने के लिए आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से पैसा और अन्य सामग्रियों के वितरण पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अधिकारियों ने कार्य योजना पर गहन विचार-विमर्श किया। कलेक्टर डॉ. भुरे ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी छोटे-बड़े गोदामों को चिन्हांकित कर उनकी लिस्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि अवैध रूप से बड़ी संख्या में वितरण सामग्री के भण्डारण पर लगाम लगाई जा सके। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान किसी भी इलाके की एटीएम मशीनों से अचानक ज्यादा राशि निकलना रिपोर्ट होने पर भी नजर रखने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। उन्होंने रायपुर एयरपोर्ट पर निर्वाचन अवधि के दौरान आने वाले लोगों की रेंडम जांच करने की व्यवस्था और मानक योजना बनाने को कहा। इस बैठक में एसएसपी श्री प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, उप निर्वाचन अधिकारी ।

बेंगलुरु में तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के खिलाफ किसानों और कन्नड़ संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।



कांग्रेस पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी अमर्यादित और अस्वीकार्य

# भाजपा की विचारधारा आतंकवादियों को पोषित करती है-सुशील आनंद.....

रायपुर/ संवाददाता



कांग्रेस के संबध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमर्यादित और अस्वीकार्य बताते हुये कहा कि भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी के बयान प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाले रहते है, देश की सबसे पुरानी पार्टी जिसने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी जिस कांग्रेस ने देश के लिये कुर्बानियां दिया है। उसको अर्बन नक्सलियों से जोड़ना भाजपा और मोदी के मानसिक दिवालियेपन को दिखाता है। जिस भाजपा का सांसद विधुड़ी संसद के अंदर अपने ही सहयोगी विपक्षी सांसद के धर्म सूचक अभद्र टिप्पणियां करता हो धर्म के आधार पर विपक्ष के सांसद को उसके धर्म के कारण आतंकवादी होने का आरोप लगाता हो उस दल के नेता से ओर अपेक्षा भी क्या की जा सकती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आजादी के पहले और उसके बाद से ही भाजपा के पितृ संगठन और भाजपा दोनों में ही आतंकी विद्वेष फैलाने वालों का प्रश्रय दिया गया राष्ट्रपिता का हत्यारा और देश का पहला आतंकवादी नाथूराम गोंडसे भाजपाईयों का आदर्श रहा है। भाजपाई आज भी नाथूराम गोंडसे का महिमा मंडन करने से पीछे नहीं हटते है। प्रज्ञा ठाकुर जैसे आतंकी गतिविधियों में शामिल जो खुलेआम महात्मा गांधी के लिये अभद्र शब्दों का प्रयोग करती है वह भाजपा की सांसद है दिखावे के लिये मोदी कहते है वे प्रज्ञा को कभी माफ नही कर सकते।

### रायपुर में किया हुड़दंग तो खैर नहीं, सीएसपी ने 250 गुंडे-बदमाशों की थाने में लगाई परेड, दी चेतावनी

**रायपुर।** रायपुर में अब बदमाशों की खैर नहीं है। रायपुर में बढ़ते अपराध से आम जनता खौफ में हैं। गुंडे-बदमाश चोरी, मारपीट, पुरानी रंजिशों में मारपीट, आम लोगों को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में रायपुर पुलिस ने 250 से अधिक गुंडों बदमाशों की परेड ली। सभी बदमाशों को थाना में बुलाकर फ्टकार लगाई है। छत्तीसगढ़ आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने निर्देश दिए हैं। सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारी को अपने-अपने थाने क्षेत्रों के गुंडा-बदमाशों और अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इस दौरान अपने अपने इलाकों के थाना क्षेत्रों में निवासरत् 250 से अधिक गुंडा-बदमाशों और अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई। उनको समझाया गया कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें।

# छत्तीसगढ़ के राजधानी में तेजी से फैल रहा डेंगू.....

■ 800 से ज्यादा मरीज मिले, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ के कई शहरों में डेंगू तेजी से फैल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक डेंगू के 800 से ज्यादा मरीज मिल चुके हैं। जिसमें सबसे ज्यादा रायगढ़, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर शहरों से डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। वहीं, एक मरीज की मौत भी हो चुकी है। डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम हर साल 10 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी मच्छरों से निजात नहीं मिल पा रही है। दरअसल, बारिश के मौसम में डेंगू के मरीज ज्यादा मिलते हैं, क्योंकि बारिश में जल भराव के कारण ही डेंगू के मच्छर पनपते हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जुलाई से लेकर नवंबर के मध्य डेंगू के मरीज मिलने की संभावना ज्यादा रहती है। प्रदेश के अस्पतालों में दिन-प्रतिदिन डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में अभी दो दर्जन से अधिक मरीज भर्ती हैं। इसमें से कुछ पॉजिटिव भी हैं। वहीं, रायगढ़ जिले में डेंगू के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को 30 नए मरीजों की पहचान की गई है। वहीं, गुरुवार को 35 मरीज मिले थे।

केबिनेट मंत्री अकबर ने नवनिर्मित थाना भवन का किया अवलोकन

# थाना चिल्फी के नवनिर्मित फोर्टीफाइड थाना का किया लोकार्पण

■ मंत्री अकबर ने पुलिस के अधिकारी, जवान एवं उपस्थित वनांचल ग्रामवासियों को नवीन फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई

रायपुर/ संवाददाता



प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, विधि-विधायी मंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत थाना चिल्फी के नवनिर्मित फोर्टीफाइड थाना भवन का विधिवित लोकार्पण किया। उन्होंने नवनिर्मित थाना भवन का अवलोकन भी किया। मंत्री श्री अकबर ने क्षेत्रवासियों एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित भवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने उपस्थित वनांचल ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान कर पुलिस और जनता के बीच के मधुर संबंधों को इसी प्रकार बनाकर रखने तथा थाने में आने वाले प्रार्थी गणों के शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने संबंधी अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि फोटिफाईड थाना भवन चिल्फी छत्तीसगढ़शासन गृह विभाग के आदेशानुसार पूर्व वर्ष स्पेशल इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत प्रदेश के 14 जिलों में 63 (फोर्टिफाईड पुलिस स्टेशन) सुदृढ़ीकृत थाना भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। जिसके अन्तर्गत कबीरधाम जिले के नक्सल प्रभावित चार थाने रेंगाखार, चिल्फी, सहसपुर लोहारा और बोड़ला में फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन स्वीकृत किया गया था। जिसमें थाना चिल्फी थाना भवन छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के पर्यवेक्षण में निर्माण कार्य संपन्न हुआ है। फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर, फर्नीचर, जनरेटर आदि सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन दो मंजिला की है। भूतल में थाना प्रभारी, विवेचक कक्षों के अलावा हवालात, मालखाना, शस्त्रागार, स्टोर, प्रशाधन की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। प्रथम तल में चार बैरक निर्मित है। जिसमें एक महिला बैरक अटैच बाथरूम सहित है। तीन पुरुष बैरक निर्मित है। इसके अलावा किचन, डायनिंग एवं कर्मचारियों के लिए जिम की भी व्यवस्था है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन के उपरी मंजिल में दो नग अधिकारियों के लिए सुविधायुक्त विश्राम गृह बनाएं गए है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए हर फ्लोर में चार-चार मोर्चा का निर्माण किया गया है। थाना भवन की सुरक्षा के लिए सामने की ओर तीन प्रोटेक्शन वाल का निर्माण किया गया है। नक्सल संवेदनशील क्षेत्र में फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन निर्माण के पीछे शासन का यह उद्देश्य रहता है, कि नक्सलियों द्वारा थाना भवन पर हमला कर पुलिस जवानों को क्षति पहुंचाकर आधुनिक हथियारों को लूट से बचाया जा सके।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com